# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026









## परीक्षा या मजाक? प्रश्नपत्र से प्रश्न ही गायब! कई निजी स्कूलों में बच्चे पहुंचे ही नहीं, इंतजार करते रहे शिक्षक

रुचि वर्मा ▸▸| रायपुर

हरिभूमि लाइव

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही पांचवी-आठवीं की परीक्षा मजाक बनकर रह गई है। शासकीय विद्यालयों में तो छात्र परीक्षा दिलाने पहुंच रहे हैं, लेकिन निजी विद्यालय सूने हैं। निजी विद्यालयों में भी केंद्राध्यक्ष के रूप में शासकीय शिक्षकों की नियुक्ति ▸▸|शेष पेज 7 पर

- प्रदेश में 8500 निजी स्कूल, इनमें से 6200 सीजी बोर्ड से संबद्ध, शेष सीबीएसई से जुड़े हुए
- सीबीएसई किताबों से परीक्षा ले चुके हैं सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी स्कूल



### इधर, सोने पर सुहागा... राजधानी में बंटे कटे हुए प्रश्नपत्र

पांचवी कक्षा की परीक्षा की शुरुआत सोमवार को हिंदी विषय के साथ हुई थी। गणित विषय के साथ आठवीं की परीक्षा की शुरुआत मंगलवार से हुई। राजधानी रायपुर में शिक्षकों और बच्चों के होश उस वक्त उड़ गए, जब उन्हें कटे हुए प्रश्नपत्र मिले। प्रश्नपत्रों की छपाई इस तरह से हुई थी कि प्रश्नपत्र के लगभग सभी पन्नों से ऊपर के सवाल गायब थे अथवा तिरछे छपाई होने के ▸▸|शेष पेज 7 पर

### परीक्षा समिति करेगी जांच

*प्रश्नपत्र कटे हुए मिलने के मामले में परीक्षा समिति जांच करेगी।*

*- हिमांशु भारतीय, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर*

### परीक्षा का अपमान

*आधी-अधूरी तैयारी के साथ परीक्षा आयोजित कराना परीक्षा का ही अपमान है। आधे से ज्यादा समय हम छात्रों को कटे हुए प्रश्न ही लिखवाते रहे।*

*- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ*



### बिलासपुर : बच्चे अनुपस्थित अभिभावक पहुंचे कलेक्टोरेट

विकास चौबे ▸▸| बिलासपुर

*बिलासपुर के 10 से अधिक निजी स्कूलों में साल भर तो पढ़ाई सीबीएसई पैटर्न पर हुई लेकिन अब परीक्षा सीजी बोर्ड से ली जा रही है। अभिभावकों ने स्कूलों के साथ ही कलेक्टोरेट का घेराव भी किया, लेकिन फिलहाल आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। मंगलवार को हुई आठवीं की परीक्षा में कई छात्र उपस्थित भी नहीं हुए। शिक्षा विभाग ने भी द्वितीय अवसर परीक्षा में बैठने का अवसर देने की बात कहते हुए अपनी ड्यूटी पूरी कर ली है। अभिभावकों का कहना है कि उन्होंने सीबीएसई पाठ्यक्रम के नाम पर अपने बच्चों का दाखिला कराया था। इसके लिए लाखों रुपए फीस दी गई और निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदवाई गईं। पूरे वर्ष बच्चों को एनसीईआरटी आधारित किताबों से पढ़ाया गया, लेकिन अब अचानक राज्य बोर्ड की परीक्षा का फैसला बच्चों के लिए परेशानी वाला हो रहा है। अभिभावकों ने मंगलवार की सुबह कलेक्ट्रेट का घेराव कर समस्याएं बताईं। इधर एसडीएम मनीष साहू का कहना है कि इस मामले में स्कूल प्रबंधन से चर्चा करते हुए रास्ता निकाला जाएगा।* ▸▸|शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता से दिनदहाड़े दो लाख रुपए की उठाईगिरी

**कटघोरा।** कटघोरा में दिनदहाड़े हुई उठाईगीरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा से पैसे निकालकर निकले एक अधिवक्ता व व्यवसायी को चोरों ने बड़ी चालाकी से अपना शिकार बना लिया। कुछ ही सेकंड में 2 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता एवं व्यवसायी सुरेश शर्मा बैंक से नकदी निकालने के बाद अपनी गाड़ी की डिक्की में पैसों से भरा बैग रखकर वाहन में बैठे थे। इसी दौरान वे किसी व्यक्ति से बातचीत में व्यस्त हो गए। मौके का फायदा उठाते हुए बाइक सवार बदमाशों ने गाड़ी की डिक्की से बैग पार कर दिया। जब तक सुरेश को भनक लगती तब तक चोर वहां से रफूचक्कर हो गए थे। इसके बाद सुरेश शर्मा ने तत्काल कटघोरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया।

### सदन में मुख्यमंत्री के विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा, जमकर बरसे साय

## साय का कांग्रेस पर तीखा वार, कहा- ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे इन्होंने ठगा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विभागों की अनुदान मांगों को पारित कर दिया गया। इस दौरान श्री साय ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का नारा है.. कांग्रेस का हाथ सबके साथ,जो कहीं नजर नहीं आता। कांग्रेस जनहित मुद्दों पर काम करने के बजाए ढाई-ढाई साल के विवाद में उलझी रह गई। हर तरफ भ्रष्टाचार ही करते रहे। इन्होंने नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी का नारा दिया था, इन चारों की ▸▸|शेष पेज 7 पर

- **सीएम ने कहा-कांग्रेस का हाथ किसी के साथ नहीं, जमकर किया था भ्रष्टाचार**

### खोल दिए थे भ्रष्टाचार के काउंटर



#### शराब दुकानों में दो काउंटर

मुख्यमंत्री ने आबकारी व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शराब दुकानों में दो काउंटर चलाए जाते थे, एक का पैसा विभाग को जाता था और दूसरा कांग्रेस का "एटीएम था। उन्होंने कहा कि यह पैसा कहां-कहां जाता था, यह सबको मालूम है। युवाओं के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं ▸▸|शेष पेज 7 पर

**पत्रकारों को किया प्रताड़ित:** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में पत्रकारों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए, उन्हें जेल भेजा गया और नौकरी से हटाया गया, जबकि उनकी सरकार पत्रकारों को प्रोत्साहन देने और लोकतांत्रिक वातावरण को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री साय ने कहा कि युवाओं के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पांच साल युवाओं के लिए "बुरे सपने" की तरह ▸▸|शेष पेज 7 पर

#### ईमानदार अफसर प्रताड़ित किए गए

*मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन में ईमानदार अधिकारियों को प्रोत्साहन नहीं, बल्कि प्रताड़ना मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्रालय में अनुशासन का अभाव था और कोविड के बाद तो नेतृत्व का वहां जाना भी लगभग बंद हो गया था। डीएमएफ को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में नियमों की अनदेखी कर गैरजरूरी और गुणवत्ताहीन कार्यों में राशि खर्च की गई। उन्होंने कहा कि कलेक्टरों को फोन कर दबाव बनाया जाता था और डीएमएफ संहिता के विरुद्ध खर्च किए जाते थे, जिसकी जांच अब राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है।*

### जमीन का टुकड़ों में नामांतरण होने के कारण कई गुना अधिक मुआवजा राशि दिलाई गई

## भारतमाला घोटाले में निलंबित एसडीएम निर्भय गिरफ्तार, पूछताछ में खुलेंगे कई राज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

भारतमाला परियोजना के मुआवजा घोटाला मामले में लंबे समय से फरार चल रहे अभनपुर तहसील क्षेत्र के तत्कालीन एवं निलंबित एसडीएम निर्भय कुमार साहू को ईओडब्ल्यू-एसीबी ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद निर्भय साहू को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 14 दिनों की रिमांड पर भेज दिया है। निर्भय साहू की भारतमाला परियोजना के मुआवजा घोटाला में बड़ी भूमिका रही है। अब तक इस मामले में हुई जांच में निर्भय साहू पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का ▸▸|शेष पेज 7 पर



भारत माला परियोजना के घोटालेबाज अफसर दबोचे गए

#### पूछताछ में खुल सकते हैं कई राज

रिमांड पर भेजे गए निर्भय साहू से 14 दिनों तक अब पूछताछ की जाएगी। इस पूछताछ के दौरान भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाले से संबंधित कई राज खुलने की संभावना है, क्योंकि इस घोटाला में जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई थी, उक्त भूमि को कई टुकड़ों में बांटकर बैक डेट पर उसका बटांकन कराया गया था। इसके आधार पर कई किसानों को वास्तविक मुआवजा राशि से कई गुना अधिक मुआवजा राशि बंटवाई गई ▸▸|शेष पेज 7 पर

#### इन ग्रामों में खेला गया पूरा खेल

तहसील अभनपुर क्षेत्र के ग्राम नायकबांधा, उरला, भेलवाडीह, टोकरो सहित अन्य ग्रामों के कई किसानों की जमीन भारतमाला परियोजना में आ रही थी। इन सभी किसानों की जमीन को योजनाबद्ध तरीके से निर्भय साहू ने अपने राजस्व विभाग के सहयोगियों और जमीन के कारोबारियों के साथ मिलीभगत करके भारत माला परियोजना की ▸▸|शेष पेज 7 पर

### 40 हज़ार आदिवासी छात्रों को बड़े सपने देखने की प्रेरणा देने वाली....

## नीता एम. अंबानी, केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड 2025 से सम्मानित




**भुवनेश्वर, 17 मार्च 2026।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता एम. अंबानी को कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (केआईएसएस) परिसर में प्रतिष्ठित (केआईएसएस) ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

श्रीलंका के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहन मुनासिंघे ने केआईआईटी, केआईएसएस एवं केआईएमएस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत की उपस्थिति में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार श्रीमती अंबानी की उत्कृष्ट मानवीय पहलों और रिलायंस फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीण परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण और खेल प्रोत्साहन के क्षेत्र में सामाजिक विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है।

अपने प्रेरणादायी संबोधन में आदिवासी बच्चों को संबोधित करते हुए श्रीमती नीता एम. अंबानी ने कहा, "जो कुछ हमारे बेटे कर सकते हैं, वही हमारी बेटियां भी कर सकती हैं, बेटों और बेटियों में कोई अंतर नहीं है।" उन्होंने कहा, "हमेशा याद रखें कि आज आप जहां हैं, वह आपकी शुरुआत है, मंजिल नहीं। आप कितनी दूर तक जाएंगे, यह आपके सपनों, आपकी मेहनत और आगे बढ़ते रहने के साहस से तय होगा।" उन्होंने आदिवासी बच्चों पर विश्वास जताते हुए कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि भारत का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है।"

डॉ. सामंत द्वारा 2008 में शुरू किया गया केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड दुनिया भर में मानवीय सेवा की भावना को दर्शाने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करता है। इस पुरस्कार में प्रशस्ति-पत्र और गोल्ड प्लेटिड ट्रॉफी शामिल होती है।

पिछले वर्षों में यह पुरस्कार विश्व के प्रतिष्ठित नेताओं, नोबेल पुरस्कार विजेताओं और विभिन्न महाद्वीपों की विशिष्ट हस्तियों को प्रदान किया गया है। पूर्व में यह सम्मान रतन टाटा, पूज्य दलाई लामा और अनिरुद्ध जगन्नाथ सहित कई अन्य हस्तियों को दिया जा चुका है।

केआईएसएस दुनिया का सबसे बड़ा आदिवासी विश्वविद्यालय है, जहां लगभग 80,000 आदिवासी बच्चों को किंडरगार्टन से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक निःशुल्क शिक्षा, आवास और समग्र विकास की सुविधा प्रदान की जाती है।

ज्ञातव्य है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की परोपकारी शाखा, रिलायंस फाउंडेशन, नवोन्मेषी और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से भारत की विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान करने में उत्प्रेरक भूमिका निभाने का लक्ष्य रखती है। संस्थापक और अध्यक्ष श्रीमती नीता एम अंबानी के नेतृत्व में, रिलायंस फाउंडेशन सभी के समग्र कल्याण और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर काम कर रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवर्तन, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास हेतु खेल, आपदा प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, शहरी नवीकरण और कला, संस्कृति और विरासत जैसे क्षेत्रों में योगदान देना है। इसने भारत भर में 91,500 से अधिक गांवों और शहरी क्षेत्रों में 8.8 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में खुशहाली लाने का अभिनव प्रयास किया है।




## खबर संक्षेप

### नक्सलियों का पर्चा आत्मसमर्पण से इंकार पुलिस को पर्चे पर शक

**जगदलपुर।** देश से नक्सलवाद के सफाए के एलान की डेडलाइन में जहां 2 हफ्ते ही बाकी हैं, वहीं नक्सलियों के माड़ डिविजनल कमेटी का एक पर्चा जारी हुआ है। इसमें उन्होंने हथियार डालने व आत्मसमर्पण करने से इनकार करते हुए लड़ाई जारी रखने की बात कही है। दूसरी तरफ पुलिस को इस पर्चे पर ही शक है, वह इसकी जांच कर रही है। माड़ डिविजनल कमेटी की सचिव राणीता के नाम से यह पर्चा पांच दिन पुराना 12 मार्च को जारी हुआ है। इस पर्चे में स्वयं को जेनजेड नक्सली बताते हुए कहा है कि हम आत्मसमर्पण के किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करते हैं। विज्ञप्ति में देशभर में हिंसक गतिविधियों को जारी रखने की बात भी कही गई है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई है। फिलहाल पुलिस और खुफिया एजेंसियां इस प्रेस नोट की सत्यता और इसके पीछे के नेटवर्क की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि प्रेस नोट वास्तव में माओवादी संगठन की ओर से जारी किया गया है या इसके पीछे कोई और रणनीति काम कर रही है।

### भोरमदेव महोत्सव में कलाकारों ने दी प्रस्तुति



**कवर्धा।** सतपुड़ा पर्वत की मैकल पहाड़ी श्रृंखलाओं से घिरे सुरम्य और ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के प्रांगण में 30 वें एक दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का भव्य आयोजन 17 मार्च को इस बार ग्राम छपरी में किया गया। महोत्सव का उद्घाटन कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों ने दीप जलाकर और विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर जिले सहित प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ आयोजन में देखने को मिली, जिससे इस एक दिवसीय महोत्सव का माहौल भक्तिमय और उत्सवमय हो गया। समारोह मे प्रख्यात छत्तीसगढ़ी लोक कला व जसगीत गायक दिलीप षडंगी एवं आरू साहू ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। जिसकी आनंत श्रोताओं ने देररात तक लिया और झूमते नजर आए।

### बोलेरो-बाइक की टक्कर में युवक की गई जान

**डोडी।** मंगलवार की सुबह डोडी कच्चे मार्ग पर एक बाइक और चार पहिया वाहन में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर के कोकड़ीपारा निवासी अमन साहू पिता सत्यवान साहू 26 साल बालोद मे इलेक्ट्रिशियन का काम करता था जो कि प्रतिदिन भानुप्रतापपुर से बाइक में बालोद आना-जाना करता था। मंगलवार की सुबह भी वह काम के सिलसिले में निकाला था। इसी दौरान सुबह 8:30 बजे लिमहाटोला तालाब के पास विपरीत दिशा की ओर से आ रही बोलेरो वाहन सीजी 04 क्यू के 8173 ने बाइक सवार अमन साहू को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

### शिव-पार्वती की मूर्ति खंडित, अपराध दर्ज

**बालोद।** ग्राम में स्थापित शिव पार्वती की मूर्ति को रात्रि में एक ग्रामीण ने खण्डित कर दिया। पंच की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 06 का पंच ग्राम देवकोट चौंकी कंवर निवासी तारेन्द्र कुमार पिता तेजराम साहू 35 वर्ष ने पुलिस को बताया कि हमारे ग्राम के वार्ड क्रमांक 05 व 06 में कला मंच चौंक के पास एवं उसके थोडा दूर में गौरी गौरा में शिव पार्वती का मूर्ति ग्रामीणो के सहयोग से स्थापित किया गया था जिसमें गांव के सभी लोग जाकर पुजा अर्चना करते थे 12 मार्च के करीबन रात्रि 11 बजे गांव के ही गोर्वधन साहू ने अपने घर आबादी पारा से आकर गौरी गौरा शिव पार्वती कि दो मूर्ति को तोड फोड कर क्षति पहुंचाया है।







## मनरेगा, महंगाई और बढ़ते अपराध पर कांग्रेस का हल्ला बोल

# पायलट ने कहा- सरकार बनाएंगे और गरीब-मजदूरों को उनका हक दिलाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा घेराव से पहले कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं ने एक मंच पर एकजुट होकर सरकार पर हमला बोला। घेराव से पहले भारत माता चौक पर सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक संदीप साहू, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्व मंत्री सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

**घेराव से पहले भारत माता चौक पर कांग्रेस की बड़ी सभा में गरजे नेता**

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। पायलट ने कहा, पहले मनरेगा का 90 प्रतिशत फंड दिल्ली से आता था। अब पैसा कौन खर्च करेगा, कितना करेगा, सब पर नियंत्रण कर दिया गया है। किसी के दबाव के सामने भारत सरकार नहीं झुकी, लेकिन अब मोदी सरकार दबाव में फैसले ले रही है। इसका नुकसान हमारे किसानों को होगा। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने अफीम की खेती को लेकर प्रदेश सरकार पर हमला बोला और कहा, पुलिस के नाक के नीचे से अफीम की खेती की जा रही है। वहीं खुलासे होने पर सरकार ने मजबूरी में कारवाई कर रही है। वहीं कांग्रेस के नेताओं को जेल में डाल रहे हो। कड़वे शब्द हमें भी आता है। हम हर चीज की राजनीति नहीं करते हैं। इजराइल अमेरिका, ईरान युद्ध को लेकर कहा कि अगर अभी अटल बिहारी की सरकार होती तो अमेरिका की बात नहीं सुनती। राहुल गांधी बार बार सरकार को चेता रही है। सचिन पायलट ने दावा किया है ढाई साल बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

**महंत, भूपेश और बैज ने साधा भाजपा सरकार पर निशाना**




### 2028 और 2029 में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, 56 इंच की बात करने वाली सरकार आज किसानों को डीएपी खाद तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। उन्होंने गैस सिलेंडर की कीमतों और उपलब्धता को लेकर भी सवाल उठाए और कहा, आज देश में आम आदमी को गैस सिलेंडर तक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, पहले मनरेगा के तहत मजदूरों को 15 दिनों के भीतर मजदूरी मिलने का अधिकार था, लेकिन अब केंद्र सरकार यह तय कर रही है कि किसे क्या मिलेगा।

### विरोध की आवाज को दबा रही सरकार : महंत

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए मनरेगा, महंगाई और मजदूरों के अधिकारों को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, कांग्रेस हमेशा गरीबों, किसानों और मजदूरों के हित में काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। गरीबों के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी और मनरेगा कानून को फिर से मजबूत किया जाएगा।

### भाजपा सरकार ने किसानों को दिया धोखा : बैज

सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ये घेराव मनरेगा, बढ़ी हुई बिजली बिल, बेरोजगारी, अफीम की खेती, कानून व्यवस्था सहित कई मुद्दों को लेकर है। 2028 में हमको अफीम वाली सरकार को उखाड़ फेकना है। 2847 पंचायतों में हमने आवाज उठाई है। मनरेगा देश की ऋण है। इस सरकार ने मनरेगा को समाप्त कर दिया है। छत्तीसगढ़ के स्थानीय मुद्दों को लेकर हमें आगे जाना है। गैस सिलेंडर के लिए जनता सुबह से लाइन लगाए खड़ी है और हमारे पीएम ईरान से जहाज आने का वेट कर रहे हैं।

### ये हुए शामिल

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिव डहरिया, मोहन मरकाम, अमितेष शुक्ल, अमरजीत भगत, उमेश पटेल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, विधायक देवेन्द्र यादव, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल, शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु, पूर्व महापौर एजाज ढेबर, जागेश्वर राजपूत, दिलीप सिंह चौहान, ग्रामीण अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, पूर्व पार्षद अजीत कुकरेजा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### घेराव रहा पूरी तरह विफल: केदार

वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के 'मनरेगा बचाव संग्राम' के नाम पर किए जा रहे विधानसभा घेराव को पूरी तरह विफल बताते हुए इसे कांग्रेस का 'भ्रष्टाचार बचाओ संग्राम' बताया है।

# हजार रुपए के बकाया पर बिजली कट करने पर अगले आदेश तक रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा हजार रुपए तक के बकाया पर ही बिजली कट करने के मामले में बिजली नियामक आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने आयोग के नोटिस के जवाब में मंगलवार को अपना पक्ष रखा। कंपनी के पक्ष से आयोग संतुष्ट नहीं है। आयोग ने अब अगले आदेश तक फिलहाल किसी भी उपभोक्ता की बिजली कट करने पर रोक लगा दी है। इस मामले में आयोग का फैसला जल्द आएगा।

- आयोग पॉवर कंपनी की सफाई से संतुष्ट नहीं जल्द होगा फैसला

हरिभूमि फॉलोअप

बिजली कनेक्शन कट करने के मामले में पॉवर कंपनी का तर्क है कि बिल भुगतान की अंतिम तिथि के 15 दिनों के बाद कनेक्शन कट करने का एक्ट में प्रावधान है, लेकिन आयोग के पास जो शिकायतें आई हैं उसमें तो अंतिम तिथि के पहले भी कई कनेक्शन कट कर दिए गए हैं। इसी के साथ अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद बिना 15 दिनों का इंतजार किए ही कभी भी कनेक्शन कट कर दिए गए हैं। इस मामले को लेकर आयोग भारी खफा है।

### लगाई है रोक

अभी किसी भी उपभोक्ता के कम बकाया होने पर कनेक्शन कट करने पर अगले आदेश तक रोक लगाई गई है।

- **एसपी शुक्ला,** सचिव, बिजली नियामक आयोग

### रसूखदारों पर मेहरबानी

आयोग में इस बात की भी शिकायत आई है कि एक तरफ पॉवर कंपनी कम बकाया होने पर भी लगातार आम उपभोक्ताओं के कनेक्शन कट कर रही है, दूसरी तरफ रसूखदारों के कनेक्शन काटने में पॉवर कंपनी का पसीना छूट रहा है। कई निजी उपभोक्ताओं के साथ ही विधायक, मंत्री, सांसद और आईएएस अधिकारियों पर भी बड़ा बकाया है, लेकिन इनकी बिजली कभी कट नहीं की गई है। जनसुनवाई में यह मुद्दा कांग्रेस नेताओं के साथ अन्य ने भी उठाते हुए शिकायत की थी।

### कंपनी ने नहीं किया नियमों का पालन

जिस तरह की आयोग में शिकायतें आई है उससे साफ हैं कि कंपनी ने एक्ट में दिए गए नियमों का पालन ही नहीं किया है। ज्यादातर मामलों में जिनके कम बकाया होने पर बिजली कट की गई है, उनकी बिजली अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद 15 दिनों का समय दिए बिना ही कट हुई है। इसका कंपनी कोई जवाब नहीं दे पाई है। आयोग इस बात से जरूर सहमत है कि एक्ट के मुताबिक अंतिम तिथि के 15 दिनों बाद बिजली कट की जा सकती है। लेकिन इसके पहले बिजली कट करना सही नहीं है।

# आंधी तूफान में भी नहीं डिगा डीएड अभ्यर्थियों का सब्र, नवा रायपुर के तूता में रातभर धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में देर रात तेज बारिश और आंधी तूफान के साथ ओले गिरने से कई इलाकों की बिजली बत्ती गुल रही, कुछ जगहों पर पेड़ टूटने से कुछ देर के लिए जन जीवन अस्त-व्यस्त दिखा, वहीं नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर डीएड अभ्यर्थियों का हौसला नहीं टूटा। खराब मौसम और तेज हवा के बावजूद अभ्यर्थी पूरी रात अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। तेज हवा के कारण धरना स्थल पर लगा टेंट ढह गया और उनका पूरा सामान उड़ गया। जमीन पर बिछाए गलीचे को शरीर में लपेटकर किसी तरह उन्होंने रात गुजारी। इस आपदा में उन्हें आर्थिक नुकसान भी हुआ है। अभ्यर्थी सहायक शिक्षक के 2300 रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग को लेकर धरना स्थल पर आमरण अनशन कर रहे हैं।

- तेज हवा के बाद भी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे, सामान उड़ा , भीग गए अभ्यर्थी

वहीं 10 से 15 डीएड अभ्यर्थियों को राशन-पानी बारिश में खराब होने के चलते तूता गांव में जाकर गांव वालों से लकड़ी, कंडा की व्यवस्था कर भूख मिटाने की नौबत आई। अभ्यर्थियों ने कहा है कि आगे यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती तो वे जल्द सड़क पर उतरकर अपने हक की आवाज बुलंद करने से पीछे नहीं हटेंगे। इसलिए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से अपील करते हैं कि जल्द से जल्द उन्हें 2300 पदों पर नियुक्ति दी जाए। छत्तीसगढ़ में सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के अंतर्गत 2300 सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर डीएड पात्र अभ्यर्थियों का आमरण अनशन मंगलवार को 84 वें दिन भी जारी रहा। अभ्यर्थियों का आरोप है कि हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई है, जिसका खामियाजा पात्र डीएड अभ्यर्थियों को भुगतना पड़ रहा है।

### चबूतरा के पीछे से उड़ गया पंडाल, गद्दा-तकिया भीगा

तूता स्थित धरना स्थल पर अपने साथियों के साथ सहायक शिक्षकों के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर धरना दे रहे डीएड अभ्यर्थी संजय कुमार ने हरिभूमि को बताया कि सोमवार की रात ढाई बजे तेज आंधी तूफान आने से डोम के नीचे चबूतरा के पीछे लगाया गया पंडाल हवा में उखड़कर उड़ गया। जहां अभ्यर्थी गद्दा, तकिया लगाकर बैठे थे वहां बारिश के चलते गद्दा, तकिया, चादर पूरी तरह भीग गए। जैसे-तैसे कर वहां बिछाए गए कारपेट को ढंकते हुए रात गुजारी। उस समय पंडाल में बस्तर, सरगुजा, जांजगीर चांपा और रायगढ़ से 50 डीएड अभ्यर्थी मौजूद रहे। इनमें से ज्यादातर आमरण अनशन पर बैठे थे।

# रीवा-रायपुर हवाई सेवा से बढ़ेगी विकास की रफ्तार : शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल दो दिवसीय प्रवास पर मंगलवार की शाम रायपुर पहुंचे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल अपने प्रवास पर यहां कई धार्मिक, सामाजिक और शिष्टाचार भेंट कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

रायपुर पहुंचने के बाद उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद वे क्वींस क्लब में विंध्य समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा, रीवा से रायपुर के लिए शुरू हुई हवाई सेवा से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़कों और रेल सेवाओं का बेहतर होना जरूरी है। इससे पहले रीवा से दिल्ली और इंदौर के लिए हवाई सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं, जिससे व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने रीवा से दुर्ग तक ट्रेन सेवा जल्द शुरू करने के लिए सकारात्मक प्रयास करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, रीवा के पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, समाज के संरक्षक शंकर सिंह गहरवार, अध्यक्ष कल्याण प्रसाद पांडेय, डॉ. व्यास मुनि द्विवेदी, मधुकर द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र**



### आज रमन सिंह से करेंगे मुलाकात

ज्ञात हो कि उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 मार्च को वे सुबह 11.15 बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास (स्पीकर हाउस) में सौजन्य भेंट करेंगे। इसके पहले वे नालंदा परिसर का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 12.05 बजे पहुंना गेस्ट हाउस में विंध्य क्षेत्र के नागरिकों से मुलाकात कर क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### छग-एमपी के संबंध गहरे

कार्यक्रम में विंध्याचल कल्याण सर्व समाज द्वारा श्री शुक्ल का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच संबंध बहुत गहरे हैं। उन्होंने कहा, यह हवाई सेवा केवल दूरी ही नहीं, बल्कि दिलों को भी जोड़ने का कार्य करेगी। विधायक किरण सिंहदेव ने कहा, रीवा से रायपुर के लिए हवाई सेवा शुरू होना एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे आवागमन आसान हो गया है।

**बना विश्व कीर्तिमान, स्टेज-3 इनवेसिव थायमिक कैंसर का सफल ऑपरेशन**

# बच्चे को बुजुर्गों की बीमारी, आंबेडकर अस्पताल में सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**मेडिकल जर्नल में अब तक 12 वर्ष के सबसे कम उम्र का मरीज है दर्ज**

सामान्यतः चालीस से लेकर साठ साल की आयु में होने वाले दिल से संबंधित दुर्लभ कैंसर ने 11 साल के बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। समस्या के साथ आंबेडकर अस्पताल पहुंचे बच्चे का कार्डियक सर्जरी विभाग में सफल ऑपरेशन किया गया। मेडिकल जर्नल में अब तक इस तरह के 12 साल के बच्चे का जिक्र उससे कम आयु के मरीज के ऑपरेशन को विश्व रिकॉर्ड होने का दावा किया गया है।

हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू एवं उनकी टीम ने इस जटिल सर्जरी को अंजाम दिया। डॉ. साहू ने बताया कि ऑपरेशन के छह माह बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है और इस वर्ष उसने पुनः स्कूल जाना शुरू कर कक्षा छठवीं की परीक्षा भी दी है। वह अस्पताल आया तो करीब छह महीने से छाती में दर्द, भारीपन और सांस फूलने की शिकायत थी। जांच में पता चला कि उसके सीने में बड़ा ट्यूमर है, जो हृदय और मुख्य धमनियों से चिपका हुआ है। सीटी स्कैन देखने के बाद परिजनों को बताया कि ऑपरेशन अत्यंत जोखिम भरा है।

### ड्यूल एप्रोच तकनीक की मदद

ट्यूमर का आकार बहुत बड़ा और कई अंगों से चिपका हुआ होने के कारण इसे निकालने के लिए ड्यूल एप्रोच तकनीक का उपयोग किया गया। इसके तहत मरीज के छाती की हड्डी और पसली- दोनों स्थानों पर चीरा लगाया गया। मुख्य ट्यूमर के अलावा फेफड़े की प्लूरल कैविटी में फैले तीन अन्य सैटेलाइट ट्यूमर को भी सावधानीपूर्वक निकाला गया, ताकि भविष्य में कैंसर दोबारा फैलने की संभावना न रहे। निकाले गए ट्यूमर का आकार लगभग 12x8 सेंटीमीटर और वजन करीब 400 ग्राम था।



### चार घंटे चली सर्जरी

ऑपरेशन के दौरान किसी भी आपात स्थिति के लिए हार्ट-लंग मशीन तैयार रखी गई थी। लगभग चार घंटे चली सर्जरी के दौरान हार्ट की झिल्ली, फ्रेनिक नर्व तथा फेफड़े के कुछ हिस्से को भी निकालना पड़ा। सर्जरी के बाद ट्यूमर के नमूने को बायोप्सी के लिए पैथोलॉजी विभाग भेजा गया। जांच में इसे इनवेसिव थायमिक कार्सिनोमा (टाइप-बी थायमोमा, स्टेज-3) पाया गया।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने दी बधाई

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस सफलता के लिए मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पताल की पूरी टीम को बधाई दी है। महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि यह सर्जरी एक बड़ी उपलब्धि है। चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध आंबेडकर अस्पताल में जटिल से जटिल सर्जरी भी सफलतापूर्वक की जा रही है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग की टीम ने अत्यंत कठिन और दुर्लभ ऑपरेशन को सफल कर अस्पताल की क्षमता को एक बार फिर साबित किया है।

### दो समुदायों में मारपीट कई पर एफआईआर

**भिलाई।** बस्ती के बच्चों के बीच विवाद होने को लेकर दो समुदाय आमने-सामने आ गए। शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र की है। वार्ड 33 शारदा पारा कैम्प 2 निवासी मुकेश सोनकर टेक्नीशियन का काम करता है। 16 मार्च की रात 10 बजे अपने घर के सामने टहल रहा था। तभी टीपू व उसके लोग बस्ती के बच्चों के बीच विवाद कर रहे थे। जिसे देख शिवहर्ष सोनकर व बस्ती के अन्य लोगो के साथ वहां पहुंचा। तभी पीड़ित ने घटना की सूचना छावनी पुलिस को दिया। वहां बच्चों को समझाने के लिए मुकेश पहुंचा। तभी विशेष समुदाय के लोग लोगों पर पीड़ित पक्ष के लोगों पर ईंट, पत्थर, राड से हमला करने लगे। मौके पर पुलिस बल पहुंची जहां दोनों पक्षों के बीच वाद विवाद को सुलझाने का प्रयास किया गया। फिर विशेष समुदाय में छावनी कैम्प निवासी पार्षद मन्नान खान, सलमान आदि ने हमला कर दिया।

रायपुर
बुधवार 18 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 24, अंक : 236
पृष्ठ : 12+4+4 =20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 36.2
न्यून. 18.1

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# व्यापम के कर्मी अब होंगे कर्मचारी चयन मंडल के अधीन, बदल जाएगा सिस्टम

*हर साल सरकार को खर्च करने होंगे 30 करोड़ रुपए*

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में व्यावसायिक परीक्षा मंडल यानी व्यापम की जगह अब कर्मचारी चयन मंडल लेगा। इसके माध्यम से राज्य में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की नियुक्तियां की जाएंगी। प्रदेश सरकार ने इस बदलाव के लिए 'छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल विधेयक, 2026' बनाया है। इसके पारित होने के बाद कानून बनेगा और लागू होगा। इसके गठन पर सरकार को हर साल 30 करोड़ रुपयों का वित्तीय भार आएगा।

यह बदलाव दरअसल इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि परीक्षाओं के लिए बनेगा एकीकृत सिस्टम। वर्तमान में अभ्यर्थियों को अलग-अलग विभागों के समान पदों के लिए अलग-अलग आवेदन करना पड़ता था, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ता था और भर्ती प्रक्रिया ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मंडल की परीक्षा में नकल नहीं चलेगी

विधेयक में परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त प्रावधान किए गए हैं। मण्डल को परीक्षा प्रक्रिया में लगे सभी कार्मिकों पर पूर्ण पर्यवेक्षण और नियंत्रण का अधिकार होगा। यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधनों (नकल) का प्रयोग करता है या परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न करता है, तो मण्डल उसके विरुद्ध दंडात्मक विनियम बनाने के लिए अधिकृत होगा।

### खजाने पर 30 करोड़ रुपए का भार

इस नई व्यवस्था और मण्डल के सुचारू संचालन के लिए राज्य सरकार पर प्रतिवर्ष लगभग 30 करोड़ रुपये का अनुमानित वित्तीय भार आने की संभावना जताई गई है। विधेयक में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो भर्ती प्रक्रियाएं पहले से विज्ञापित हो चुकी हैं, वे पुरानी पद्धति से ही पूर्ण की जाएंगी।



### *पुराने नियम कब तक रहेंगे लागू*

*मंडल बनने के बाद कामकाज ठप न हो, इसके लिए एक विशेष व्यवस्था की गई है जब तक नया मण्डल अपने स्वयं के नए विनियम नहीं बना लेता, तब तक व्यापमं में पहले से चल रहे विनियम ही प्रभावी रहेंगे। यदि व्यापमं ने पहले से ही कोई विज्ञापन जारी कर दिया है, तो वह प्रक्रिया पुराने नियमों के अनुसार ही जारी रहेगी और पूरी की जाएगी। नया मण्डल अब परीक्षा प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों और कर्मचारियों पर समग्र पर्यवेक्षण, निर्देशन और नियंत्रण रखेगा। व्यापमं का वर्तमान बुनियादी ढांचा अब नए मण्डल के लक्ष्यों (जैसे संयुक्त चयन प्रक्रिया) को पूरा करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।*

### मण्डल का ढांचा और संचालन

विधेयक के प्रावधानों के तहत एक उच्च स्तरीय 'कर्मचारी चयन मण्डल' का गठन किया जाएगा। मण्डल के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी होंगे। इसमें संयुक्त सचिव स्तर के अधिकतम तीन सदस्य शामिल होंगे। उप सचिव स्तर के अधिकारी मण्डल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के रूप में सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। वर्तमान में कार्यरत छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) के सभी अधिकारी और कर्मचारी अब नए कर्मचारी चयन मण्डल के अधीन आ जाएंगे। व्यापमं का विलय और नए मण्डल में इसके स्थानांतरण की प्रक्रिया को विधेयक के अध्याय-तीन और अध्याय-सात में स्पष्ट किया गया है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से 'उत्तराधिकार' के सिद्धांत पर आधारित है। जैसे ही राज्य सरकार राजपत्र में इस अधिनियम के लागू होने की अधिसूचना जारी करेगी, वर्तमान में अस्तित्व में रहा 'छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल' (व्यापमं) समाप्त हो जाएगा। व्यापमं अब एक पृथक इकाई के रूप में नहीं रहेगा, बल्कि इसका पूर्ण विलय 'छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल' में हो जाएगा।



## विस घेरने कांग्रेस ने झोंकी ताकत पुलिस से जमकर धक्का-मुक्की

■ मनरेगा बचाओ नशे की खेती रोकने और रसोई गैस की किल्लत समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को विधानसभा कूच किया। मनरेगा बचाओ, नशे की खेती, रसोई गैस की किल्लत और प्रदेश के स्थानीय मुद्दों को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भारत माता चौक शंकरनगर में पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने भारत माता चौक के पास बैरिकेडिंग लगाकर कांग्रेसियों को विधानसभा जाने से रोका। कांग्रेसियों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं ▶▶|शेष पेज 7 पर

### प्रदेश भर से पहुंचे हजारों कार्यकर्ता

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य ताम्रध्वज साहू, प्रभारी सचिव एस. सम्पत कुमार, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ सहित प्रदेश भर से पहुंचे हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही कांग्रेस विधायक भी शामिल हुए। रायपुर जिला ग्रामीण के धरसीवा, तिल्दा, आरंग, खरोरा, अभनपुर, बिरगांव नगर निगम सहित विभिन्न ब्लॉकों के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया।

### तालिबान बोले-पाकिस्तान ने नशा मुक्ति सेंटर पर गिराए बम

# पाक का काबुल के अस्पताल पर मिसाइल हमला, 400 मारे गए, भारत ने बताया- नरसंहार

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने रात भर 'सटीक हवाई हमले' कर अफगानिस्तान भर में आतंकवादियों और उनके ठिकानों को निशाना बनाया, हालांकि अफगान सरकार ने इस्लामाबाद पर काबुल में एक पुनर्वास अस्पताल पर बमबारी करने का आरोप लगाया, जिसमें कम से कम 400 लोग मारे गए। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, ये ताजा हमले 26 फरवरी को शुरू किए गए ऑपरेशन 'गजब-लिल-हक' के जारी रहने के दौरान हुए हैं। पाकिस्तान ने 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा पर अफ़गान तालिबान बलों द्वारा कथित हमलों के जवाब में यह ऑपरेशन शुरू किया था।

सूचना मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पाकिस्तान के सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन गजब-लिल-हक के तहत 16 मार्च की रात काबुल और नंगरहार में अफ़गान तालिबान शासन के आतंकवाद समर्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए सटीक हवाई हमले किए। उन्होंने दावा किया कि काबुल में दो स्थानों पर स्थित तकनीकी सहायता ढांचे और गोला-बारूद भंडारण अड्डे पूरी तरह से नष्ट हो गए।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव अब भी जारी है। काबुल में एक बड़े नशा मुक्ति हॉस्पिटल पर पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक में 400 से ज्यादा लोग मारे गए और कम से कम 250 लोग घायल हो गए। तालिबान यह हमला काबुल में 2,000 बेड वाले उम्मीद नशा मुक्ति हॉस्पिटल को निशाना बनाकर किया गया। इधर, भारत ने हमले की निंदा की और कहा, सैन्य ऑपरेशन की आड़ में पाकिस्तान नरसंहार कर रहा है।

### पाक-तालिबान दुश्मन क्यों

पाकिस्तान की दशकों से अफगान तालिबान के साथ करीबी दोस्ती रही है। 1990 के दशक की शुरुआत में तालिबान को खड़ा करने में पाकिस्तान ने ही मदद की थी। इसका मकसद भारत के साथ दुश्मनी में रणनीतिक बढ़त हासिल करना था। 2021 में तालिबान की वापसी के बाद पाकिस्तान में अचानक आतंकवादी हमलों में तेजी देखी गई। यह तेजी समय के साथ बढ़ती चली गई। पाकिस्तान का आरोप है कि चरमपंथी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का नेतृत्व और उसके कई लड़ाके अफगानिस्तान में मौजूद हैं।



### मारे गए 684 अफगान तालिबान कार्यकर्ता

आंकड़ों के अनुसार, अब तक 684 अफगान तालिबान कार्यकर्ता मारे गए हैं और 912 अन्य घायल हुए हैं। तालिबान की 252 चौकियां नष्ट कर दी गईं, जबकि 44 चौकियों पर कब्जा कर लिया गया और फिर उन्हें नष्ट कर दिया गया। तालिबान शासन के 229 टैंक, बख्तरबंद वाहन और तोपें नष्ट कर दी गई हैं।



### इन इलाकों में धमाके

रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

### तालिबान का आरोप पाक पीएम की सफाई

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है।

### भारत ने कहा- हमला कायरतापूर्ण



*भारत ने अफ़ग़ानिस्तान के काबुल में पाकिस्तान की ओर से 'अस्पताल में हुए हमले' की निंदा करते हुए उसे 'कायरतापूर्ण' और 'जनसंहार' बताया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसको लेकर एक बयान जारी किया है। बयान में कहा गया, यह कायरतापूर्ण और अनैतिक हिंसक कृत्य है, जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिकों की जान गई है. जिस जगह को किसी भी स्थिति में सैन्य टारगेट नहीं माना जा सकता, उसे निशाना बनाया गया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, पाकिस्तान अब इस जनसंहार को सैन्य अभियान के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा भारत ने इस हमले को अफ़ग़ानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला' कहा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने की अपील की है।*

## खबर संक्षेप

### हिरासत को रद्द किया जाना सभी के लिए लाभदायक

**नई दिल्ली।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने जेल से रिहा होने के बाद पहली सार्वजनिक टिप्पणी में मंगलवार को कहा कि रासुका के तहत उनकी हिरासत को रद्द करना 'सभी के लिए फायदेमंद' है। केंद्र ने लद्दाख के लोगों के साथ सार्थक संवाद के लिए विश्वास कायम करने की दिशा में पहल की है। लद्दाख में विरोध प्रदर्शन का एकमात्र उद्देश्य रचनात्मक संवाद प्रक्रिया शुरू करना है।

### अंडों पर लिखनी होगी एक्सपायरी डेट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक अप्रैल से अंडों पर उसके उपयोग की आखिरी तारीख (एक्सपायरी) दर्ज करने का निर्णय लिया है। दवाओं के पत्तों की तरह अंडों पर भी यह प्रयोग होगा। एक अप्रैल से अंडा उत्पादकों के लिए एक्सपायरी डेट का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया गया है। अंडा उत्पादकों को हर अंडे पर उत्पादन की तारीख और एक्सपायरी की तारीख की मुहर लगानी होगी।

### एयर इंडिया की यूरोप, उत्तरी अमेरिका के लिए उड़ानें

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण लोगों की यात्रा योजनाओं पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए एयर इंडिया 19 से 28 मार्च के बीच यूरोप और उत्तरी अमेरिका के गंतव्यों के लिए 36 अतिरिक्त उड़ानों का परिचालन करेगी। वह दिल्ली-लंदन (हीथ्रो), मुंबई-लंदन (हीथ्रो), दिल्ली-फ्रैंकफर्ट, दिल्ली-ज्यूरिख और दिल्ली-टोरंटो मार्गों पर अतिरिक्त उड़ानों का परिचालन करेगी।

### होर्मुज स्ट्रेट को पार करते हुए वडीनार बंदरगाह पर पहुंचा

## शिवालिक के बाद पहुंचा 'नंदा देवी' लाया 47 हजार मीट्रिक टन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित रूप से शिवालिक के बाद एक और एलपीजी टैंकर 'नंदा देवी' भारत पहुंचा। 'नंदा देवी' होर्मुज़ जलडमरूमध्य को पार करते हुए वडीनार बंदरगाह, गुजरात पहुंच गया है। यह जहाज अपने साथ 47 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस लेकर आया है। मिडिल ईस्ट में गहराते संकट के बीच, होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुजरने वाला यह दूसरा जहाज है। भारतीय ध्वज वाला दूसरा एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकलने के बाद मंगलवार तड़के स्वदेश पहुंच गया। युद्ध क्षेत्र में फंसे अन्य 22 भारतीय जहाजों को सुरक्षित लाने के प्रयास जारी हैं। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी टैंकर नंदा देवी, मंगलवार तड़के लगभग 2:30 बजे गुजरात के कांडला बंदरगाह पर पहुंचा। सोमवार को पहला जहाज, शिवालिक गुजरात के मुंदड़ा बंदरगाह पर पहुंचा था। दोनों जहाज पर लगभग 92,712 टन एलपीजी हैं। यह देश में एक दिन की खाना पकाने की गैस की आवश्यकता के बराबर है।

इधर, सरकार के राज्यों को निर्देश

### पीएनजी परियोजनाओं में लाएं तेजी

एलपीजी की आपूर्ति में कमी के कारण होटल, व्यवसायों और घरेलू उपभोक्ताओं पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों से पाइप के जरिये घरों में आपूर्ति की जाने वाली परियोजनाओं के अनुमोदन में तेजी लाने को कहा है। इसका उद्देश्य घरेलू रसोई गैस पर दबाव कम करना और वैकल्पिक व्यवस्था को तेजी से लागू करना है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण भारत की लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आपूर्ति बाधित हुई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, लेकिन हम घरेलू उपभोक्ताओं को पहले की तरह ही आपूर्ति प्रदान कर रहे हैं।

### होर्मुज का रास्ता भारत के जहाजों के लिए साफ

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर काफी निर्भर है। देश लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल, 50% प्राकृतिक गैस और 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है। भारत में कच्चा तेल और गैस होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आती है। पिछले कुछ दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य में कई जहाज डूबे हैं, लेकिन भारत के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य का रास्ता साफ है। ईरान ने भी इस बात मुहर लगा दी है। ईरान का कहना है कि भारत हमारा पुराना दोस्त है।

भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की बिटिया के निधन पर शोक संवेदनाएं जताईं

## प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु ने अर्पित किए श्रद्धासुमन



**भोपाल।** हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने मंगलवार को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बैतूल स्थित निवास पर पहुंचकर उनकी बिटिया के निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं जताईं और परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। डॉ. हिमांशु ने हेमंत खंडेलवाल व परिजनों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश मिडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल भी मौजूद थे।

### नसबंदी कांड पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## 3 घंटे में 85 मरीजों का ऑपरेशन समझ में नहीं आया, डॉक्टर गुप्ता दोषी, 5 दोषमुक्त

■ वर्ष 2014 में सकरी में लगाया था शिविर
■ 13 महिलाओं, 5 पुरुषों की हो गई थी मौत
■ 85 लोगों का हुआ था आपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

वर्ष 2014 में सकरी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित नसबंदी शिविर में 13 महिलाओं और 5 पुरुषों की मौत के मामले में कोर्ट ने जिला अस्पताल के तत्कालीन सर्जन डा. आर के गुप्ता को दोषी ठहराया है, साथ ही इस मामले में 5 लोगों को दोषमुक्त कर दिया है। 3 साल से कम सजा होने पर कोर्ट ने डा. गुप्ता को जमानत पर रिहा कर दिया है।

वर्ष 2014 में सकरी स्थित नेमीचन्द्र जैन अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नसबंदी शिविर आयोजित किया था। इसमें जिला अस्पताल के तत्कालीन सर्जन डा. आर के गुप्ता ने ▶▶|शेष पेज 7 पर



### ये लोग हुए बरी

कोर्ट ने पुलिस के द्वारा मामले में आरोपी राजेश खरे,मनीष खरे, राकेश महावर, सुमीत महावर, महेश महावर को दोष सिद्ध नहीं होने पर दोषमुक्त कर दिया है।

### राहुल गांधी आए थे मिलने

नसबंदी कांड से देश भर में हड़कंप मच गया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिलासपुर आकर पीड़ितों व मृतकों के परिजनों के घर जाकर आपरेशन की पूरी जानकारी ली थी। कांग्रेस पार्टी के द्वारा मामले को लेकर जमकर हंगामा मचाया गया था। तत्कालीन विधायक शैलेष पाण्डेय मामले को विधानसभा में ▶▶|शेष पेज 7 पर

### डाक विभाग ने शुरू की डिलिवरी की गारंटी वाली प्रीमियम

## पार्सल में देरी हुई तो मनी बैक की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

डाक विभाग ने त्वरित एवं समयबद्ध पार्सल के लिए 24 घंटे और 48 घंटे में डिलिवरी की गारंटी वाली तीन प्रीमियम सेवाएं मंगलवार को शुरू कीं। विभाग उन कूरियर सेवाओं के बढ़ते बाजार के मुकाबले खुद को नए सिरे से स्थापित करने की कोशिश कर रहा है जो कुछ ही घंटों में डिलिवरी का वादा करती हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यहां '24 स्पीड पोस्ट', '24 स्पीड पोस्ट पार्सल' और ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ 24 घंटों में गंतव्य तक पहुंचेगा सामान



### *इन शहरों में मिलेगी सुविधा*

*डाक विभाग की इन सेवाओं का लाभ फिलहाल देश के छह प्रमुख शहरों में मिलेगा। पहले चरण में यह सेवाएं दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में उपलब्ध होंगी। 24 स्पीड पोस्ट सेवा के तहत अगले ही दिन यानी शिपमेंट की डिलीवरी तत्काल और समयबद्ध तरीके से की जाएगी।*

### वन टाइम पासवर्ड

नई सेवाओं में 'ओटीपी' (वन टाइम पासवर्ड) आधारित सत्यापन के साथ डिलिवरी, शुरू से अंत तक 'ट्रैकिंग' सुविधा और वास्तविक समय में 'एसएमएस अलर्ट' शामिल होंगे। व्यवसायों के लिए 'अभी बुक करें, बाद में भुगतान करें' सुविधा, केंद्रीकृत बिलिंग तथा एपीआई एकीकरण के विकल्प भी उपलब्ध होंगे।

### मंत्री ने की तारीफ की

इस मौके पर केंद्रीय संचार मंत्री ग्रामीण डाक सेवा की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इंडिया पोस्ट के पास दुनिया का सबसे बड़ा और गहरा नेटवर्क है। देश के 6.5 लाख गांवों की हर तहसील और तालुका में लोग परिवार के किसी सदस्य से भी बढ़कर किसी पर भरोसा करते हैं, तो वह ग्रामीण डाक सेवा है।

### बड़ी राहत

## सिर्फ 3 दिन में क्लेम सेटलमेंट एकाउंट ट्रांसफर भी आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने ईपीएफओ के सदस्यों को बड़ी राहत दी है। श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने लोकसभा में ईपीएफओ के नियमों पर बोलते हुए कहा कि हमारा मकसद सिस्टम को ज्यादा तेज, पारदर्शी और यूजर-फ्रेंडली बनाना है। इससे क्लेम सेटलमेंट फास्ट हो जाएगा, प्रोसेस आसान हो जाएगा और डिजिटली एक ही जगह पर सभी सुविधाएं मिल सकेंगी।

### सेटमेंट फास्ट

चालू वित्त वर्ष में 25 फरवरी 2026 तक 5 लाख रुपए तक के कुल 3.52 करोड़ रुपए से ज्यादा क्लेम ऑटो मोड में सेटल किया जा चुका है। कुल एडवांस क्लेम में से करीब 71.37% ऑटोमैटिक तरीके से सेटल किए जा चुके हैं। इन सेटमेंट्स के जरिए करीब 51,620 करोड़ रुपए की राशि दी गई है।

## चिंतन

# पहले अपने घर को दुरुस्त करे कांग्रेस

राज्यसभा चुनावों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि राजनीति केवल संख्या का खेल नहीं, बल्कि संगठन, अनुशासन और नेतृत्व की असली परीक्षा भी होती है। इस बार के चुनावों में जो तस्वीर उभरकर सामने आई है, उसने कांग्रेस की आंतरिक कमजोरियों को न सिर्फ उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि पार्टी अभी उस मजबूती से काफी दूर है, जो कभी इंदिरा गांधी और पीवी नरसिम्हा के दौर में देखने को मिलती थी। हरियाणा, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों में जो घटनाक्रम सामने आया, वह केवल चुनावी हार-जीत की कहानी नहीं है, बल्कि संगठनात्मक बिखराव की गंभीर चेतावनी है। हरियाणा में कांग्रेस द्वारा अपेक्षाकृत कम चर्चित उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध को मैदान में उतारना ही असंतोष की जड़ बन गया। नतीजा यह रहा कि पार्टी के पास 37 विधायक होने के बावजूद केवल 28 वोट ही उम्मीदवार के पक्ष में पड़े। हालात इतने बिगड़े कि विधायकों को एकजुट रखने के लिए उन्हें दूसरे राज्य में शिफ्ट करने जैसी रणनीति अपनानी पड़ी। यह स्थिति बताती है कि पार्टी के भीतर विश्वास और संवाद का अभाव गहराता जा रहा है। बिहार में स्थिति और भी चिंताजनक रही। यहां कांग्रेस और राजद के विधायकों द्वारा मतदान से दूरी बनाना महज लापरवाही नहीं, बल्कि नेतृत्व के प्रति असहमति का संकेत है। जब विधायक खुले तौर पर यह कहें कि उन्हें स्पष्ट निर्देश ही नहीं मिले तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि पार्टी का कमांड और कंट्रोल सिस्टम आखिर कितना प्रभावी है। परिणामस्वरूप एनडीए ने सभी सीटों पर जीत दर्ज कर विपक्ष को करारा झटका दिया। ओडिशा में तो मामला अनुशासनहीनता की हद तक पहुंच गया। कांग्रेस के विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग करना और फिर पार्टी द्वारा उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना इस बात का प्रमाण है कि अंदरूनी असंतोष अब नियंत्रण से बाहर हो रहा है। यह केवल एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि एक व्यापक प्रवृत्ति का संकेत है, जहां व्यक्तिगत निर्णय पार्टी लाइन पर भारी पड़ रहे हैं। इन घटनाओं का सबसे गंभीर पहलू यह है कि यह सब उस समय हो रहा है, जब कांग्रेस खुद को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रही है, लेकिन राज्यसभा जैसे अहम चुनावों में इस तरह की चूक यह दर्शाती है कि पार्टी का जमीनी ढांचा अभी भी कमजोर है। नेतृत्व की ओर से उम्मीदवार चयन में स्थानीय समीकरणों और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नजरअंदाज करना महंगा साबित हो रहा है। इसके विपरीत, सत्तारूढ़ गठबंधन ने इन कमजोरियों का पूरा फायदा उठाया। बेहतर रणनीति, स्पष्ट निर्देश और मजबूत संगठनात्मक पकड़ के चलते उन्होंने अधिकांश सीटों पर जीत हासिल की। यह अंतर साफ बताता है कि आज की राजनीति में केवल विचारधारा नहीं, बल्कि प्रबंधन और अनुशासन भी उतने ही जरूरी हैं। कांग्रेस के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती आत्ममंथन की है। क्या पार्टी अपने भीतर के असंतोष को समय रहते दूर कर पाएगी? क्या नेतृत्व राज्यों में मजबूत और स्वीकार्य चेहरों को आगे लाने में सफल होगा? और सबसे महत्वपूर्ण, क्या वह अपने विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच भरोसा कायम कर पाएगी? यह चुनाव कांग्रेस के लिए एक चेतावनी है कि सिर्फ विपक्ष में होना पर्याप्त नहीं, एक प्रभावी और संगठित विपक्ष बनना जरूरी है। वरना, रास के इस चुनाव में जो दरारें दिखी हैं, वे आने वाले समय में और भी गहरी हो सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि कांग्रेस भाजपा से लड़ाई के बजाय अपने घर को दुरूस्त करे।



तकनीक
प्रमोद भार्गव

# यूएस उतारेगा ईरान के विरुद्ध रोबोट सेना

> सैन्य प्रौद्योगिकी की दुनिया में दिखाई जाने वाली फिल्मी कहानियां अब मानव जीवन की ठोस सच्चाई में बदलती दिख रही हैं। अमेरिकी टेक कंपनी 'फाउंडेशन' ने दुनिया का पहला आदमी जैसा ह्यूमनोइड कृत्रिम बुद्धि से संचालित रोबोट सैनिक 'फैंटम एमके-1' तैयार कर लिया है। स्टील से बना यह सैनिक रोबोट एम-16 राइफल, रिवॉल्वर और शॉटगन जैसे हथियार चलाने में दक्ष है। इस सैनिक की दक्षता की परख फिलहाल कारखानों और बंदरगाहों पर की जा रही है। अमेरिका ही नहीं रूस,चीन और भारत भी ऐसे सैनिक बनाने में जुटे हैं। भारत का डीआरडीओ ये रोबोट बना रहा है। हालांकि सैनिक के रूप में अभी उनका युद्ध के मैदान में परीक्षण होना शेष है।

मनुष्य की सोच असीम संभावनाओं से जुड़ी है। कल्पना से शुरू होने वाले विचार सच्चाई के धरातल पर आकार लेते हैं, तो आंखें हैरान रह जाती हैं। सैन्य प्रौद्योगिकी की दुनिया में दिखाई जाने वाली फिल्मी कहानियां अब मानव जीवन की ठोस सच्चाई में बदलती दिख रही हैं। अमेरिकी टेक कंपनी 'फाउंडेशन' ने दुनिया का पहला आदमी जैसा ह्यूमनोइड कृत्रिम बुद्धि से संचालित रोबोट सैनिक 'फैंटम एमके-1' तैयार कर लिया है। स्टील से बना यह सैनिक रोबोट एम-16 राइफल, रिवॉल्वर और शॉटगन जैसे हथियार चलाने में दक्ष है। इस सैनिक की दक्षता की परख फिलहाल कारखानों और बंदरगाहों पर की जा रही है। अमेरिका ही नहीं रूस,चीन और भारत भी ऐसे सैनिक बनाने में जुटे हैं। भारत का डीआरडीओ ये रोबोट बना रहा है। इजराइल ऐसे सैनिक बना चुका है। हालांकि सैनिक के रूप में अभी उनका युद्ध के मैदान में परीक्षण होना शेष है। यह एक नए शीत युद्ध और नई तकनीक की होड़ की शुरुआत है,जो दुनिया को ऐसे स्व-नियंत्रित रोबोट सैनिकों को सौंपने जा रही है, जो कृत्रिम बुद्धि से विस्फोटक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

इजराइल पहले ही एक ऐसी 'रोक रोबोट' सेना तैयार कर चुका है, जो न केवल युद्ध लड़ेगी, बल्कि सीमा पर इंसानी सैनिकों की जगह भी ले लेगी। इजराइल की विख्यात रक्षा कंपनी इल्बिट रोबो टीम ने इस सेना को तैयार किया है। रोबो टीम के सीईओ इलाजलेवी के मुताबिक अब तक आकाश में ड्रोन और हवाई रोबोट के जरिए होने वाले सभी काम धरती पर भी हो सकेंगे। मानव रहित रोक रोबोट के अंदर स्वयं ही खतरों को भांपकर फैसला लेने की क्षमता विकसित कर दी गई है। कृत्रिम बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण ये रोबोट जंग के मैदान में खराब होने पर इसके पुर्जे साथ चलने वाले रोबोट सैनिक बदल देंगे। इसकी इस विशेषता से रोबोट सैनिक एकाएक निष्कर्ष नहीं होंगे। 200 किलोग्राम वजन वाले इस रोक रोबोट की दौड़ने की क्षमता 30 किलोमीटर प्रतिघंटा है। यह 1200 किलोमीटर मारक क्षमता वाले हथियार लेकर चलने में सक्षम हैं। इसकी कीमत डेढ़ लाख डॉलर से लेकर तीन लाख डॉलर तक है। मसलन भविष्य के युद्ध रोबोट थल सेना लड़ेगी।ये सैनिक डर और थकान से मुक्त होंगे। कृत्रिम बौद्धिकता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पिछले एक दशक से अपनी हैरतअंगेज उपलब्धियों व भविष्य की संभावनाओं के चलते दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। एलन मस्क, बिल गेट्स और स्टीफन हॉकिंग ने इसकी अतिरिक्त बुद्धि एवं शक्ति से आशंकित होकर कई बार चेताया भी है। बावजूद अनेक ऐसे पूंजी-निवेशक और वैज्ञानिक हैं, जो एआई को एक बेहतर भविष्य के सपने के रूप में देखते रहे हैं। आज रोबोट कारखानों में मजदूरी के काम से लेकर शिक्षक, टीवी एंकर, नर्स और अब सैनिक की भूमिका में अवतरित होने जा रहा है।

सवाल उठ रहे हैं कि कहीं भविष्य में यह मशीनी रोबोट मनुष्य पर ही भारी न पड़ जाए। मानव और मशीन के बीच पैदा होने वाले ये द्वंद्व हकीकत में किस सच्चाई के रूप में सामने आएंगे, यह तो फिलहाल भविष्य के गर्भ में है, लेकिन जब-जब कोई नया आविष्कार हुआ है तो वह शंका का कारण तो बना ही है। भारत सरकार इस कोशिश में है कि तीनों सेनाओं में कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिशियल



इनटेलीजेंसी) से निर्मित रोबोटिक हथियारों की संख्या बढ़ा दी जाए। इस नाते एक महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना की शुरुआत की गई है। इस परियोजना का लक्ष्य मानव रहित टैंक, जलपोत, स्वचालित राइफल और रोबो आर्मी तक खड़ी की जाने की तैयारी है। हवाईयानों को भी रोबोटिक हथियारों से सक्षम बनाया जाएगा। यह परियोजना जब क्रियान्वित हो जाएगी, तब भारत की थल, जल और वायु सेनाएं युद्ध लड़ने के लिए नई तकनीक से सक्षम हो जाएंगी। टाटा संस के प्रमुख एन चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाला एक उच्च स्तरीय समूह इस परियोजना को अंतिम रूप दे रहा है। इसमें भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भी सहयोग कर रहा है।

दरअसल, भविष्य के युद्धों में रोबोट और मानव रहित हथियार ही ज्यादा उपयोग में लाए जाएंगे। इससे युद्ध में मानव सैनिकों के प्राण बचेंगे। परंतु रक्षा विशेषज्ञों की चिंता है कि यदि युद्ध के दौरान एआई में तकनीकी व्यवधान और हैकिंग के बड़े संकट हैं। अतएव इंसानी नियंत्रण से मुक्त इन मशीनी सैनिकों को फैसले लेने की छूट मिल जाती है तो ये युद्ध को पलों में तांडव में बदल सकते हैं, लेकिन भारत जैसे देश को सेना को बदलती परिस्थितियों की जरूरतों के अनुसार ढालना जरूरी है, क्योंकि पाकिस्तान और चीन की सीमा पर दृश्य दुश्मनों से कहीं ज्यादा अदृश्य शत्रुओं की चुनौती कहीं अधिक है। साफ है, इनसे निपटना आसान नहीं है। ये सामने तो दिखाई नहीं देते हैं, मगर इनका धोखे से किया गया हमला बड़ा खतरनाक होता है। साफ है, इन धोखेबाज ताकतों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से जुड़े उपकरणों से ही निपटना बेहतर है। इस कड़ी में अब भारतीय रोबो सेना जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ने के लिए उतारने की तैयारी की जा रही है। ये रोबोट आतंकियों के गुप्त ठिकानों में दृश्य व अदृश्य शक्ति के रूप में उतरकर उनकी मौजूदगी की सटीक जानकारी तो देंगे ही, अलबत्ता उन्हें पलों में तबाह भी कर देंगे। ये रोबोट घाटी एवं नियंत्रण रेखा पर जो आतंक प्रभावित क्षेत्र हैं, उनमें सेना की आतंकरोधी इकाई और सुरक्षा बलों के लिए सुरक्षा के लौह कवच सिद्ध होंगे। इनकी सीमा पर उपलब्धता के साथ ही सेना को पूरी तरह हाईटेक बना दिया जाएगा। यही नहीं, दुश्मन की घुसपैठ को नाकाम बनाने और पाकिस्तानी सेना के हमलों से मुकाबले में भी यह रोबोट सेना फलदायी सिद्ध होगी। कृत्रिम बुद्धि (एआई) वाले ये रोबोट सेना के रूप में सीमा पर शक्ति का पर्याय बनके दुश्मन पर कहर बनकर टूटेंगे। इसी मंशा के अनुरूप रक्षा मंत्रालय पहले चरण में 550 रोबोटिक्स सर्वेलांस यूनिट खरीद रहा है। इनकी खेप मिलते ही इन्हें सेना के सुपुर्द कर दिया जाएगा। ये आर्मी-रोबो किसी भी आतंकरोधी अभियान के दौरान आतंकियों पर हमला करने में सहायक की भूमिका निभाएंगे। सुरक्षा बलों के लिए आतंकियों के विरुद्ध कार्यवाही में सबसे बड़ी चुनौती उनकी सही संख्या और उनके पास उपलब्ध हथियारों की पूरी जानकारी लेने की होती है। ये रोबोट वीडियोग्राफी के जरिए इनके ठिकानों के निश्चित स्थल से चित्र सहित अवगत करा देंगे। ये रोबोट सैनिक इसलिए इतने बौद्धिक रूप से सक्षम व चपल होंगे, क्योंकि इनके सॉफ्टवेयर की संरचना में इतनी बुद्धि डाल दी जाएगी कि भविष्य में ये मनुष्य के जैविक दिमाग से कहीं ज्यादा तेज गति से काम करने लग जाएंगे। इस मिली-जुली बुद्धिमत्ता के लिए एक नया शब्द 'सिंगुलैरिटी' अस्तित्व में आ गया है। यानी मशीनी दिमाग का आधिपत्य हो जाए तो इसे सिंगुलैरिटी शब्द से पुकारा जाएगा। बहरहाल तेज दिमाग और तात्कालिक चपलता से जुड़ी रोबो-आर्मी युद्धों में ऐसा वरदान साबित होगी, जो हमारे मानव सैनिकों के जीवन को अधिकतम सुरक्षा प्रदान करेगी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु



# भारत के सामने क्यों है युद्ध रुकवाना चुनौतीपूर्ण

ब्रिक्स के गठन के बाद कुछ देशों में युद्ध के हालात बने लेकिन वे वैश्विक तेल और आर्थिक संकट की वजह नहीं बनें। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल के संयुक्त युद्ध के हालात दुनिया में कई तरह की समस्याएं और संकट पैदा कर रहे हैं। अमेरिका के मित्र देशों पर ईरान के हमले के बाद हालात कुछ ज्यादा ही जटिल हो गए हैं। कई देशों में उनकी अर्थव्यवस्था पर सीधे असर पड़ा है। दुनिया भर में यह आशंका होने लगी है कि कहीं यह युद्ध विश्व-युद्ध का रूप न ले ले। उधर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् जल्द से जल्द युद्ध खत्म कराने की कोशिश में है। दूसरी तरफ भारत की कोशिश है कि जल्द से जल्द आपसी संवाद के जरिए युद्ध रोका जाए और तेल संकट जो दुनिया के लिए आर्थिक संकट के रूप में उभर आया है, उस पर आपसी सहमतियां बनें। ब्रिक्स के जरिए भी यह कोशिश हो रही है कि युद्धरत देशों में आपसी संवाद का रास्ता आगे बढ़े और युद्ध विराम हो। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के बीच टेलीफोन पर बातचीत के दौरान मसूद ने कहा था कि यदि भारत ईरान का मित्र है तो ब्रिक्स को चाहिए कि बढ़ते संघर्ष से निपटने में मजबूत और रचनात्मक भूमिका निभाए। भारत ब्रिक्स का वर्तमान में अध्यक्ष है। अध्यक्ष होने की वजह से ईरान चाहता है कि भारत ब्रिक्स के जरिए अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों की निंदा करने के लिए सदस्य देशों में सहमति बैठाने की कोशिश करे।

भारत का दृष्टिकोण इस मामले में बेहद संतुलित है। विदेश मंत्रालय का मानना है कि इस मामले में सीधे किसी देश के प्रति पक्षपातपूर्ण व्यवहार नहीं हो सकता, इसलिए युद्धरत देशों में आपसी संवाद ही सबसे मुफीद रास्ता है। इस मुद्दे पर ब्रिक्स के भीतर सहमति बनाना बेहद कठिन हो गया है क्योंकि समूह के कुछ सदस्य देश मौजूदा संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल हैं। ब्रिक्स के सदस्य देशों के साथ भारत लगातार संपर्क बनाए हुए है और एक संवाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। गौरतलब है कि शेरपा ब्रिक्स के सदस्य देशों का एक माध्यम है। इसके जरिए सदस्य देशों की आधिकरिक कूटनीति को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाता है।

इसके जरिए किसी शिखर सम्मेलन से पहले सदस्य देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधि आपसी संवाद को आगे बढ़ाते हैं और मुद्दों पर एक सहमति बनाने की कोशिश की जाती है। ब्रिक्स देशों के जो प्रतिनिधि उस देश के जरिए नियुक्त किए जाते हैं, उन्हें शेरपा कहा जाता है। ये शेरपा उन देशों के नेताओं के बैठक के पहले बैठक का एजेंडा, बयान और समझौतों के मसौदे तैयार करने में अहम रोल निभाते हैं। ब्रिक्स देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त अधिकारी को 'शेरपा' कहा जाता है और उन अधिकारियों के बीच होने वाली बातचीत को शेरपा चैनल कहा जाता है। 'ब्रिक्स' की स्थापना के वक्त इसमें भारत, ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका और चीन शामिल थे। ये वे देश हैं जिन पर ईरान के आक्रमण का सामना करना पड़ रहा है या इजराइल-अमेरिका के आक्रमण का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा युद्ध के हालात में ब्रिक्स देशों में युद्ध रुकवाने या अमेरिका-इजराइल के ईरान पर आक्रमण को लेकर निंदा का सर्वसम्मति सहमति न बन पाने की वजह सबके अपने स्वार्थ और एक दूसरे से संबंध हैं। वर्तमान में विश्व के हालात पिछले वर्षों में युद्धरत देशों से अलग तरह के हैं। गौरतलब है 2025 में ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रिक्स ने जून 2025 में ईरान पर इजराइल के हमलों को लेकर दो बयान जारी किए थे। इस साल भारत सहित ब्रिक्स देशों की स्थिति अलग तरह की है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात सहित गल्फ कोऑपरेशन कांउसिल (जीसीसी) के देशों पर ईरान के हमलों की निंदा की है। वहीं पर ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों को लेकर भारत ने कोई बयान जारी नहीं किया है। सवाल यह है कि क्या कोई संयुक्त बयान जारी न करवा पाने की वजह से ब्रिक्स की प्रेंसीडेंसी की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है? क्या बयान जारी न करवा पाना मोदी सरकार की विदेश नीति की विफलता मानी जाएगी? दरअसल, पिछले साल के विश्व हालात और वर्तमान के हालात में अंतर है। ईरान ने अमेरिकी मित्र देशों पर हमला करके स्थिति को काफी जटिल बना दी है। इनमें से ज्यादातर देश ब्रिक्स के सदस्य हैं। इसलिए ईरान के प्रति हमदर्दी दिखाना धर्मसंकट जैसी स्थिति बन गई है। भारत फिर भी इस नीति पर चल रहा है कि युद्ध जल्द खत्म हो और युद्धरत देशों में संवाद की स्थिति बन बने। तेल और आर्थिक संकट से दुनिया के देश बाहर आएं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

# हे श्री कृष्णा! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है। आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आंखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## लकड़ियां दूर करेगी गैस की कमी



पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में मंगलवार को कुकिंग गैस की कमी दूर करने लकडहारे सड़क किनारे लकड़ियों को ईंधन के लिए काटते हुए।

## आज की पाती

### राजनीति पर लगाम कसने मतदान जरूर करे

देश के चार राज्यों तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुड्डूचेरी में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र में मतदान की अहम भूमिका होती है। हर चुनाव में हर मतदाता को जरूर मतदान करना चाहिए। वैसे तो हर उम्र के मतदाताओं को मतदान में रुचि दिखानी चाहिए, लेकिन युवाओं का दायित्व बनता है कि वो देश की राजनीति की धूमिल होती छवि और अवसरवाद की ओर बढ़ती राजनीति पर लगाम कसने के लिए हर चुनाव में मतदान जरूर करे। महापुरुषों ने युवा वर्ग के लिए कहा था कि युवा देश, समाज में एक अच्छा और सचा बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाए या निभा सकता है। मतदान समझदारी से करना होगा। *– विकास यादव, रायपुर*

## ट्रेंड

### महिलाओं की भागीदारी



भारत में स्टॉक एक्सचेंज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बढ़ती भागीदारी न केवल आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक है, बल्कि देश की विकास यात्रा में महिलाओं की सशक्त और महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाती है।
**-अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री**

### किसानों की समृद्धि



प्रदेश के किसानों और उद्योगों की समृद्धि हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। वर्ष 2027 तक हर अन्नदाता को दिन में निर्बाध बिजली देने के संकल्प के साथ राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। अब हमारा किसान 'अन्नदाता' के साथ 'ऊर्जादाता' बनकर विकास को नई रोशनी दे रहा है।
**-भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### पानी तक उपलब्ध नहीं



युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति थोड़ी बाधित हुई है। लेकिन झारखंड में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस तो दूर की बात है, कांग्रेस-झामुमो की सरकार जनता को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है।
**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

### सम्मान की उम्मीद



जब कूटनीति से लेकर व्यापार और धर्म तक हर चीज को हथियार बना लिया जाता है, तो युद्ध से "कानूनों" या "नैतिकता" का सम्मान करने की उम्मीद करना एक कोरी कल्पना मात्र है।
**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता**

## करंट अफेयर

# अहमदिया के दमन को लेकर पाकिस्तान की आलोचना



भारत ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि उसकी पड़ोसी देशों में 'इस्लामोफोबिया' (इस्लाम के प्रति घृणा) की 'काल्पनिक कहानियां गढ़ने' की आदत है और सवाल उठाया कि इस्लामाबाद के अपने ही देश में अहमदिया समुदाय के क्रूर दमन या रमजान के दौरान अफगानिस्तान पर हवाई बमबारी को कैसे देखा जाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा, 'भारत का पश्चिमी पड़ोसी देश अपने आसपास इस्लामोफोबिया की कल्पनिक कहानियां गढ़ने का उत्कृष्ट उदाहरण है।' उन्होंने कहा, 'यह सोचने वाली बात है कि इस देश में अहमदियाओं का क्रूर दमन, बेबस अफगानों की बड़े पैमाने पर जबरन वापसी या रमजान के पवित्र माह में हवाई बमबारी को क्या कहा जाएगा?' हरीश सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामोफोबिया से निपटने के अंतरराष्ट्रीय दिवस को संबोधित कर रहे थे। पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि 'इस्लामिक सहयोग संगठन' ने बार-बार भारत के खिलाफ झूठे और बेबुनियादी आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस संगठन को 'हमारे पश्चिमी पड़ोसी ने भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल करने की व्यवस्थित तरीके से कोशिश की है।'

## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में ?

फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक,



इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था – कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# नंदीग्राम से चुनाव नहीं लड़ेंगी ममता, भवानीपुर में होगा सुवेंदु से सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोलकाता

## बंगाल विधानसभा चुनाव : टीएमसी ने 291 उम्मीदवारों की लिस्ट की जारी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। टीएमसी बंगाल विधानसभा की 294 सीट में से 291 पर चुनाव लड़ेगी, बाकी 3 सीट पर अनित थापा के नेतृत्व वाली बीजीपीएम दार्जिलिंग की पहाड़ियों में चुनाव लड़ेगी। ममता बनर्जी इस बार नंदीग्राम से चुनाव नहीं लड़ेंगी। वो इस बार भवानीपुर से मैदान में होंगी। भाजपा ने भवानीपुर और नंदीग्राम से सुवेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। टीएमसी द्वारा जारी लिस्ट में ममता बनर्जी समेत पश्चिम बंगाल के कई दिग्गज टीएमसी नेताओं के नाम शामिल हैं, जिन्हें उम्मीदवार बनाया गया है। हाल ही में टीएमसी में शामिल हुए पवित्र कर को नंदीग्राम से टिकट दिया गया है, जहां उनका भी मुकाबला सुवेंदु अधिकारी से होगा। टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने बताया कि 291 उम्मीदवारों में से 52 महिलाएं, 95 अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और 47 अल्पसंख्यक हैं।

- बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होना है मतदान
- भाजपा और वामदल भी अपनी लिस्ट कर चुकी है जारी, भाजपा ने 144 सीट पर उतारे उम्मीदवार

### दो चरणों में होंगे मतदान

इससे पहले, सोमवार को भाजपा ने 144 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी, जिसमें सुवेंदु अधिकारी समेत कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल थे। वहीं, वाम दल ने भी अपनी लिस्ट जारी की थी। पश्चिम बंगाल में इस बार दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान व 4 मई को मतगणना होगी।



## बीजेपी के साथ गठबंधन से इंकार, तमिलनाडु में अकेले लड़ेगी एक्टर विजय की पार्टी

**चेन्नई।** फिल्म स्टार से नेता बने विजय ने तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा दांव खेलते हुए साफ कर दिया है कि उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कज़गम (टीवीके) आगामी विधानसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी। उन्होंने बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की अटकलों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। विजय के इस फैसले से राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। पत्तिनपक्कम में पार्टी नेताओं की बैठक के दौरान विजय ने काफी आत्मविश्वास के साथ कहा कि उनकी पार्टी किसी भी अन्य दल के साथ गठबंधन की बात नहीं कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से साफ शब्दों में कहा कि वे अपने-अपने इलाकों में जाकर जमीनी स्तर पर काम तेज करें, क्योंकि उम्मीदवारों की सूची जल्द ही जारी होने वाली है।



### तमिलनाडु में कैसा मुकाबला

माना जा रहा है कि तमिलनाडु में इस बार सीधा मुकाबला नहीं बल्कि चतुष्कोणीय कड़ा चुनावी संघर्ष देखने को मिलेगा। एक तरफ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) का गठबंधन होगा, दूसरी ओर ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) और भाजपा का साथ, तीसरी तरफ विजय की टीवीके और चौथी तरफ नाम तमिलर काची (एनटीके), जो पहले से ही अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

## केरल में भी कई आईएएस-आईपीएस का तबादला




बंगाल के बाद चुनाव आयोग ने केरल की प्रशासनिक मशीनरी में भी बदलाव के आदेश दिए हैं। यहां पुलिस और राजस्व विभाग के बड़े चेहरों को नई जिम्मेदारी दी गई है। निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को संबोधित एक पत्र में कहा कि उसने चुनाव तैयारियों की समीक्षा की है और फेरबदल को तत्काल लागू करने का निर्देश दिया है। आयोग ने निर्देश दिया कि तबादले तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं और जिन अधिकारियों का तबादला हो चुका है, उन्हें चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक चुनाव संबंधी किसी भी कार्य में तैनात नहीं किया जाना चाहिए।

### इधर, केरल में कांग्रेस ने घोषित किए 55 उम्मीदवार

केरल की सभी 140 सीट के लिए नौ अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना चार मई को होगी।कांग्रेस ने नौ अप्रैल को होने वाले केरल विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 55 उम्मीदवारों की सूची जारी की, जिसमें वी सतीशन, सनी जोसेफ, के. मुरलीधरन और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। राज्य विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की यह पहली सूची है। पार्टी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन को परावूर से, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सनी जोसेफ को पेरावूर से पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के पुत्र चांडी ओमन को पुथुपल्ली से टिकट दिया है।

# ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी पर एयरस्ट्राइक, इजरायल का दावा- मारे गए

तेहरान में रात भर किया गया हवाई हमला

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजरायली मीडिया ने दावा किया है कि उसकी सेना ने ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी को रात के समय किए गए एक एयरस्ट्राइक में निशाना बनाया। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और बासिज कमांडर घोलमरेजा सुलेमानी ईरान में रात भर चली एक हवाई हमले में मारे गए। ईरान ने फिलहाल इन रिपोर्टों पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायली ब्रॉडकास्टिंग अथॉरिटी ने रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज के हवाले से कहा, 'मुझे अभी-अभी चीफ ऑफ स्टाफ से जानकारी मिली है कि ईरान के सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के सचिव लारीजानी और बासिज के प्रमुख घोलम रजा सुलेमानी को पिछली रात खत्म कर दिया गया है।'



### हमले से पहले लारिजानी का बयान

एक दिन पहले ही अली लारिजानी, जो ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव हैं, ने मुस्लिम दुनिया को एक पत्र जारी किया था। उन्होंने कहा था कि ईरान अमेरिका और इजरायल के खिलाफ लड़ाई में दृढ़ है, और जब ईरान पर हमला हुआ तो अधिकांश मुस्लिम देशों ने सिर्फ राजनीतिक बयान दिए, लेकिन वास्तव में ईरान के साथ खड़े नहीं हुए। उनके अनुसार, इस हमले में ईरान के कई नागरिकों, सैन्य कमांडरों और इस्लामी क्रांति के एक बड़े नेता की मौत हुई। लारीजानी ने लिखा कि इसके बावजूद ईरानी जनता ने 'दृढ़ इच्छाशक्ति' के साथ इस हमले का जवाब दिया है।

### आखिरी बार कहां देखे गए थे लारिजानी

*अगर लारिजानी की मौत की पुष्टि हो जाती है, तो वो सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बाद मारे जाने वाले सबसे वरिष्ठ ईरानी अधिकारी होंगे। लारिजानी अली खामेनेई के करीबी सहयोगी थे। उन्हें आखिरी बार शुक्रवार को तेहरान में 'कुद्स दिवस' की रैलियों के दौरान सार्वजनिक रूप से देखा गया था।*

### रूस में हो रहा नए सुप्रीम लीडर का इलाज



ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई कहां हैं, इसको लेकर कई अटकलें लग रही हैं। पहले कहा गया कि अमेरिका-इजरायल के हमले में वे गंभीर घायल हो गए और फिलहाल कोमा में हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी दावा किया था कि वे जीवित नहीं हैं। अब एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मोजतबा कथित तौर पर रूस में हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है। कुवैती अखबार अल-जरीदा के अनुसार, अमेरिका के ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' में घायल होने के बाद खामेनेई इलाज के लिए मॉस्को चले गए हैं। उनका इलाज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास से जुड़े एक निजी चिकित्सा केंद्र में चल रहा है।

### पुतिन ने खुद दिया था रूस लाने का प्रस्ताव

रिपोर्ट के अनुसार, मोजतबा को एक रूसी सैन्य विमान में बेहद गुप्त अभियान के तहत मॉस्को लाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 12 मार्च को पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्किया से फोन पर बात की थी। इस दौरान पुतिन ने खुद मोजतबा को इलाज के लिए रूस लाने का प्रस्ताव दिया था।

# 'बच्चे को गोद लेने वाली मां भी मैटरनिटी लीव की हकदार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए व्यवस्था दी है कि किसी महिला के गर्भ (कोख) से पैदा हुए बच्चे और गोद लिए गए बच्चे में कोई अंतर नहीं है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने कहा कि तीन महीने से अधिक उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिलाओं को मातृत्व अवकाश से वंचित करना असंवैधानिक है। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि ऐसी महिलाओं को भी 12 सप्ताह का मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि मातृत्व संरक्षण का उद्देश्य इस बात पर निर्भर नहीं करता कि बच्चा परिवार में कैसे आया है। अदालत ने कहा, 'जो महिलाएं बड़े बच्चे को गोद लेती हैं, वे भी उसी स्थिति में हैं जैसे कोई महिला तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेती हैं।' पीठ ने कहा, 'हालांकि, पारंपरिक रूप से रिश्तेदारी को समझने का मुख्य आधार जीव विज्ञान (बायोलॉजी) रहा है, लेकिन गोद लेना भी परिवार बनाने का उतना ही सही तरीका है। परिवार का आधार जीव विज्ञान नहीं, बल्कि आपसी जुड़ाव और साझा भावनाएँ होती हैं। सिर्फ़ जैविक कारक ही परिवार तय नहीं करते। गोद लिया हुआ बच्चा, अपने सगे बच्चे से किसी भी तरह अलग नहीं होता।'

- सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, मिलेगा अब 12 सप्ताह का अवकाश
- तीन माह की बाध्यता की गई खत्म



### कानून की धारा पर सवाल

कोर्ट ने माना कि 'सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020' की धारा 60(4) के तहत उम्र से जुड़ी ऐसी पाबंदियाँ, संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन करती हैं। इस धारा में यह प्रावधान था कि महिलाएँ मातृत्व अवकाश की हकदार तभी होंगी, जब वे 3 महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लें। हालांकि, अदालत ने इस धारा को निरस्त नहीं किया, बल्कि इसकी व्याख्या करते हुए महिलाओं के अधिकारों का विस्तार किया।

### पितृत्व अवकाश पर भी सुझाव

मातृत्व अवकाश के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पितृत्व अवकाश को भी सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने की सिफारिश की। कोर्ट का यह ऐतिहासिक फैसला हमसानंदिनी नंदूरी द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर आया, जिसमें आयु-आधारित इस भेदभाव को मनमाना और असंवैधानिक बताया गया था।

सर्वदलीय बैठक में बनी थी सहमति

# लोकसभा में आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद में निलंबित किए गए आठ सांसदों का निलंबन आज वापस ले लिया गया है। मंगलवार को संसद में प्रस्ताव लाकर इन सांसदों का निलंबन रद्द किया किया। साथ ही उन्हें चेतावनी भी दी गई कि आगे इस तरह का आचरण न अपनाएं। सोमवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में इस मुद्दे पर सहमति बनी थी। वहीं बीजेपी ने दावा किया है कि पक्ष और विपक्ष के बीच दो समझौते हुए हैं, जिसके तहत अब विपक्ष फर्जी बयानबाजी नहीं करेगा। सभी 8 सांसदों का निलंबन रद्द होने के बाद कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मैं बहुत खुश हूं कि यह रद्द हो गया है।'



### लोकसभा स्पीकर ने शर्तों के साथ निलंबन किया रद्द

*स्पीकर ने कहा कि सोमवार को सभी दलों की बैठक में ये सहमति बनी थी कि सदन की गौरवशाली परंपरा बनाए रखने के लिए सभी सांसद मिलकर सहयोग करेंगे। उन्होंने खासतौर पर आग्रह किया कि संसद परिसर में एआई जेनरेटेड फोटो, अपमानजनक प्लेकार्ड, फेक इमेज या नारे नहीं लगाए जाएं। स्पीकर ने कल ही एक बुलेटिन जारी किया था, जिसमें ये निर्देश दिए गए थे।*

### क्यों निलंबित किए गए थे सांसद

बता दें कि सदन की कार्यवाही में बाधा डालने और बजट सत्र के शेष समय के लिए अध्यक्ष की ओर कागज फेंकने के आरोप में 7 कांग्रेस सांसद और मदुरै से 1 सीपीएम सांसद को निलंबित कर दिया गया था। निलंबित किए गए सांसदों में हिबी ईडन, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिक्कम टैगोर आदि शामिल थे।

युद्ध के बीच कालाबाजारी रोकने की कवायद

# देशभर में 12 हजार छापे, जब्त हुए 15 हजार एलपीजी सिलेंडर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में ईरान और अमेरिका युद्ध की वजह से लगातार बिगड़ते हालातों के बीच मंगलवार को सरकार ने एक बार फिर से दोहराया है कि देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। तेल रिफाइनरियां अपनी 100% क्षमता के साथ उत्पादन कर रही हैं। वहीं, ये भी साफ किया कि एलपीजी के मामले को लेकर हालात चिंताजनक ही बने हुए हैं। लेकिन किसी भी गैस वितरक के पास कमी या ड्राई आउट की कोई सूचना नहीं है। ये जानकारी मंगलवार को राजधानी में आयोजित की गई अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय (मार्केटिंग-तेल रिफाइनरी) में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी है।



### दिल्ली से केरल तक गिरफ्तारी भी

शर्मा ने बताया कि बीते कुछ दिनों में देश में छापेमारी का आंकड़ा 12 हजार पर पहुंच गया है। जिसमें लगभग 15 हजार एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं। दिल्ली में सोमवार को 600 सिलेंडर जब्त किए गए। मध्य-प्रदेश में लगभग 1200 छापे मारे गए और 1800 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। वहीं, उत्तर-प्रदेश में पिछले कुछ दिनों में लगभग 450 जगहों पर औचक निरीक्षण और छापेमारी हुई है। 10 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। जम्मू-कश्मीर में 564 छापे मारे गए हैं, एफआईआर और गिरफ्तारी भी हुई है। केरल में लगभग 1 हजार छापेमारी और जांच हुई, जिसमें घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए गए हैं। तेल मार्केटिंग कंपनियों की टीमें सतर्क हैं और वो भी छापे मार रही हैं। करीब 2 हजार 500 रिटेल आउटलेट और एलपीजी वितरकों के पास जाकर औचक जांच की गई है।

# दुल्हन की तरह सजेगा माता वैष्णो देवी का दरबार

## चैत नवरात्रि में सुरक्षा और सुविधाओं का 'हाईटेक' प्लान तैयार

एजेंसी ▶▶| कटरा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर विश्व प्रसिद्ध श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ने वाला है। 19 मार्च से शुरू हो रहे इन नौ पवित्र दिनों के लिए श्राइन बोर्ड ने अपनी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचा दी हैं। धर्मनगरी कटरा से लेकर अर्धकुंवारी और मुख्य भवन तक के पूरे मार्ग को विदेशी फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जा रहा है। प्रशासन का अनुमान है कि इस बार रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचेंगे।

- 19 मार्च से शुरू हो रहा है यह धार्मिक पर्व



### सुरक्षा का मल्टी-लेयर ग्रिड

*श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को बेहद सख्त कर दिया गया है। सीईओ सचिन कुमार वैश्य की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में 'मल्टी-लेयर सिक्योरिटी ग्रिड' को मंजूरी दी गई है। पूरे यात्रा मार्ग पर क्विक रिस्पॉन्स टीम्स (क्यूआरटी) की तैनाती रहेगी। साथ ही, संवेदनशील इलाकों में हाईटेक सीसीटीवी कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम से चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाएगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।*

### बिना आरएफआईडी कार्ड नहीं मिलेगी एंट्री

बोर्ड ने साफ कर दिया है कि सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए 'आरएफआईडी' युक्त यात्रा कार्ड अनिवार्य होंगे। बिना वैध कार्ड के किसी भी यात्री को बाणगंगा से आगे जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह डिजिटल कार्ड यात्रियों की सटीक लोकेशन ट्रैक करने में मदद करेगा। इसके साथ ही, यात्रा मार्ग पर काम करने वाले पिट्ठू, पोनी और पालकी वालों का नए सिरे से वेरिफिकेशन किया जा रहा है ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो.

### आपदा प्रबंधन पर जोर

भवन और ट्रैक पर फायर सेफ्टी ऑडिट के कड़े निर्देश दिए गए हैं। अग्निशमन दल को हर समय मुस्तैद रहने को कहा गया है ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके. गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पूरे मार्ग पर शुद्ध पेयजल और मेडिकल सुविधाओं का विस्तार किया गया है। भीड़ बढ़ने पर यात्रियों को 'वैकल्पिक मार्गों' से भेजने की योजना भी तैयार है, जिससे मुख्य मार्ग पर दबाव कम किया जा सके।





# तन और मन को आनंदित करने के साथ ही अनेक महत्व का बरगद वृक्ष

धार्मिक
राजेश पाण्डेय

कई सौ वर्ष पुराना बरगद वृक्ष जीव जंतु जानवरों का आशियाना बना मल्हार में कलयुग के वृक्ष के महत्व और उसके रखरखाव के साथ ही हमारे दैनिक जीवन में कितना उपयोगी और महत्व है इसका जीता जागता उदाहरण है यह वृक्ष। गर्मी के दिनों में यहाँ से गुजरने वाले राहगीर कुछ पल ही सही ठहर कर ठंडकता के आत्मिक सुख की अनुभूति करते हैं। मल्हार के वार्ड क्रमांक 5 खाया पर स्थित ऐतिहासिक वटवृक्ष लोगों सहित जीव जंतु, जानवरों और पशु पक्षी के आशियाना का मानो केंद्र बना है जहां आज भी गांव का आभास होता है। यह वृक्ष कितना पुराना है इसका वास्तविक अनुमान भी सहजता से नहीं लगाया जा सकता। बुजुर्ग बताते है



कि बहुत पहले इस वृक्ष के नीचे महाशिवरात्रि तथा विभिन्न धार्मिक अवसरों पर पूजा पाठ कर लोग भोजन बनाते और आराम करते थे। सन 1935 से वृक्ष की पूजा अर्चना के साथ इस स्थल पर मेले का आयोजन होता आ रहा है। इस वृक्ष के नीचे नवरात्रि में मां दुर्गा विराजमान होती है तो वहीं गणेश चतुर्थी पर पार्वती नंदन लंबोदर स्वामी गजानन विराजित रहते हैं। वृक्ष के आसपास सफाई की व्यवस्था पर ध्यान दिया जाता है। शांति बनाए रखने के ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का उपयोग वर्जित है। वटवृक्ष इतना बड़ा है कि उसके ऊपर लकड़ी से मचान बनाकर एक कमरा बनाए हैं जहां पर बच्चे और बूढ़े भी यहां बैठे नजर आते हैं।

लोक चित्र
वसंत निरगुणे

## लोक चित्र मिथ कथा को भी रेखांकित करते हैं



अंग्रेजी शब्द मिथ को ही हिन्दी में मिथक कहा जाता है। हिन्दी में उसका परिष्कार कर उसके अंत में क प्रत्यय मिथक शब्द बना लिया। कुछ दिनों में मिथ, मिथक शब्द प्रचलन में आकर उसी व्यापक अर्थ में प्रयुक्त होने लगा। बिम्ब, प्रतीक, पुराण कथा और अभिप्राय मिल कर मिथक को स्वरुप प्रदान करते हैं। लोक चित्र परंपरा के प्रायः सभी चित्र किसी न किसी मिथ कथा से जुड़े होते हैं। लोक चित्र रेखांकन, अलंकरण को जमीन, कागज, कपड़े, लकड़ी, पत्तों आदि पर भी बनाए जाते हैं। इसमें व्यक्त भावनाएं, विचार और घटनाओं के सम्बन्ध सूत्र अत्यधिक उलझे हुए होते हैं। मनोवैज्ञानिक, नृतत्व शास्त्र और प्रतिकों के माध्यम से इसके उलझे हुए सूत्र को समझाने का प्रयास किया जाता है। छत्तीसगढ़ के गांव में आज भी विभिन्न धार्मिक अवसरों के साथ विवाह के अवसर पर भी प्रतीकात्मक मिथक चित्र दीवारों या जमीन पर मिथक चित्र बने दिखाई देते हैं।

जनजाति विशेष
चिंताराम सिन्हा ' पुजारी '

## धूर गोंड मन के नाच गाना आय डंगचगहा



डंगचगहा जाति ह धूर गोंड नाव के जाति वाला मन घूमन्तु खानाबदोस किसिम के आय। इकर भाषा ह गुजराती भाषा वाले मन ले मिलती जुलती रिथे। अभी इकर डंगचगहा अब पहिली जइसे देखे बर नी मिले। अब नंदाय के कगार में घलव आगे हें। एकर एक गीत देखन -

रमते रमते आया जोगी,
बाबा ने बिलमाया जी।
ऊपर खंड से उतरो महादेव,
पूरब नगरी आयो जी।

चौक चौराहा मन मे ए मन नाचा अउ खेल देखात रिहिन। मुड़ मे सात लोटा बोही के रेंगे तेला मुड़रिया अउ रिंग मे बुलाकना ल कतरिया खेल केहे जाए। थारी के बारा मे रेंगे के खेल घलव देखावत रिहिन। इकर खेल के नाव रहय छलैया गीत, समागीत के बड़ मांग रहय। गाने वाला, बजाने वाला, खेल समान तैयार करने वाला अइसे सहयोगी मिलाके सात आठ झन रहय। इकर खेल ह देखे के लइक रहय। खेल शुरू होय तहन बड़ भीड़ लग जाय। कुछ मन पइसा दे त कुछ मन बिगर कुछु दे रेंग देत रिहिन। पहिली के मन आजो इकर खेल के तारीफ करथे। जोखिम भरे खेल रहय इकर। आजकल अइसन खेल कोनो कर देखे बर नी मिलय।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

परब विशेष
तिलकेश्वरी पटारे

# नवरात्रि में भक्तों की आस्था झरण मैया के दरबार में



छत्तीसगढ़ सदा धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है यहाँ के हर जिले में प्राचीन मंदिर एवं पुरातात्विक धरोहर देखने को मिलते हैं। अंचल के हर कोने में वैभव कालीन सभ्यता और संस्कृति रची बसी है इन्ही में से एक है बालोद जिले से 25 किलोमीटर आगे लौह अयस्क दल्लीराजहरा में झरण माता का मंदिर। यहां खासकर नवरात्रि पर्व पर माता के दर्शन करने दूर दूर से श्रद्धालु आते हैं। मंदिर का इतिहास के बारे में स्थानीय लोगो का मानना है कि इस स्थान पहले अंतागढ़ के आदिवासी पूजा पाठ किया करते थे। धीरे धीरे भक्तों की मनोकामना पूरी होने पर दूर दूर भक्त आने लगे। इस स्थान पर एक प्राचीन कुंड है जिसकी गहराई लगभग 20 फ़ीट से अधिक है। पहाड़ों से पतली धार बहते हुए कुंड में गिरता है। झरने का यह रिसाव कांकेर के सोनदाई से खंडीघाट होते हुए दल्लीराजहरा में आता है। इस प्राकृतिक झरने का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है, इस अविरल बहते झरने के कारण मंदिर का नाम झरण मैया पड़ा, क्योंकि यह क्षेत्र पहले दलदली भूमि के कारण इसका नाम दल्लीराजहरा पड़ा। इसी कुंड के पास प्राचीन शिवलिंग नंदी, घोड़ा, हाथी एवं सैनिक की पत्थर स्वरूप प्रतिमा है। इन सभी प्रतिमाओं को आदिवासी लोग चबूतरे पर रखकर पूजा करते थे।



मंदिर परिस (माता झरण मैया की महिमा अपरंपार) छत्तीसगढ़ सुरु से ही धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है यहाँ के हर जिले में प्राचीन मंदिर एवं पुरातात्विक धरोहर देखने को मिलते हैं छत्तीसगढ़ के हर कोने में वैभव कालीन सभ्यता और संस्कृति रची बसी है इन्ही में से एक है बालोद जिले से 25 किलोमीटर आगे लौह अयस्क दल्लीराजहरा में झरण माता का मंदिर इसके दर्शन करने दूर दूर से श्रद्धालु आते हैं। मंदिर के इतिहास के बारे में स्थानीय लोगो का कहना है कि इस स्थान पहले अंतागढ़ के आदिवासी लोग पूजा पाठ किया करते थे इस स्थान पर एक प्राचीन कुंड जिसकी गहराई लगभग 20 फ़ीट से अधिक है जो पहाड़ों से पतली धार में बहते हुए कुंड में गिरता है। झरने का यह रिसाव कांकेर के सोनदाई से खंडीघाट होते हुए दल्लीराजहरा में आता है, इस प्राकृतिक झरने का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नही है इस अविरल बहते झरने के कारण मंदिर का नाम झरण मैया पड़ा क्योंकि यह छेत्र पहले दलदली भूमि के कारण इसका नाम दल्लीराजहरा पड़ा। इसी कुंड के पास प्राचीन शिवलिंग नंदी, घोड़ा, हाथी एवं सैनिक की पत्थर स्वरूप प्रतिमा है। इन सभी प्रतिमाओं को आदिवासी लोग चबूतरे पर रखकर पूजा करते थे। मंदिर परिसर में प्राचीन शिवलिंग, नंदी यहां के राजाओं के कुल देवता हाथी घोड़े एवं राव बाबा की पत्थर की प्रतिमा है। इसके अलावा मंदिर में दक्षिण मुखी हनुमान, राधाकृष्ण एवं भैरव बाबा की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर बनने के बाद से माता के दरबार में चैत्र एवं क्वार नवरात्रि में भक्तो द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की जाती है।

आस्था : घनश्याम नाग

# शत्रुओं से रक्षा की थी मलयारिन माता



एक बार रात्रि में माई दंतेश्वरी भैसादोंद पहाड़ी के शिखर पर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही थीं, तभी चौबीस कोस दूर उन्हें सैनिकों का जमावड़ा दिखा जो राज्य पर आक्रमण करने की योजना बना रहे थे। माता बड़े डोंगर राज्य की सुरक्षा का उपाय सोचते हुए मालिन (सब्जी बेचने वाली ) का रूप धारण कर सब्जी बेचने लगी। शत्रु पक्ष के शिविर में सस्ते दामों में सब्जी बेच डाली। जितने लोग सब्जी खाए वे महामारी का शिकार होकर अपनी जान गवां बैठे। बचे लोग जान बचाने भाग खड़े हुए। बाद में स्थानीय निवासियों को सच्चाई बता कर अपने को मालियारिन नाम से पूजने की सलाह देकर अदृश्य हो गई। यहां के लोग माता को कुल देवी के रूप में पूजते हैं तथा प्रत्येक चार वर्ष में जातरा का आयोजन करते हैं। जातरा में मुंडन संस्कार जैसे धार्मिक कार्य भी किए जाते हैं, इस मुंडन संस्कार की विशेषता होती है कि लाए गए बच्चों में सर्वप्रथम किसी महिला की प्रथम पुत्री का मुंडन किया जाता है। अर्थात बेटी को प्राथमिकता देने की परंपरा यहां पहले से है। यहां भक्तों द्वारा क्वार तथा चैत्र नवरात्रि में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति जलाई जाती है।

परंपरा
राजेंद्र कुमार

## अंचल के लोक पर्व में मातृ पूजन

आदि माई प्रकृति परमेश्वरी तथा भुवनेश्वरी धरती का नित्य अनेक रूपों में पूजन होता है। हिमांचल गिरी कन्या उमा जब शिव जी को पति रूप में पाने की हठ से कठोर व्रत करने के दृढ़ संकल्प से अज्ञातवास को चली गई थी, तब दक्षिण कोसल छत्तीसगढ़ में भी अनेक स्थानों पर उनकी अज्ञातवास और गुप्त तपस्थली होने तथा उनके द्वारा सप्त मातृ पूजन करने की मान्यता है। स्वयं आदि माई भुइया भवानी, बूढ़ी माई ने गिरी कन्या उमा को कठोर शिव तप करने के पूर्व मातृ पीठ स्थापना और पूजन विधि समझाया। तब महातपस्वी गिरी कन्या ने चन्दन की चौकी पर चन्दन बिरही से सप्त मातृ शक्तियों की प्रतीक मातृ पीठीका स्थापित कर मातृ पूजन करते हुए निवेदन किया -



भूजल पवनि अगासीन माई,
मयना वन वाराही सुहाई।
सुमरि सुमरि मै तुमहीं मनाओ,
जनम जनम शिव जी पति पावों।

गिरी कन्या उमा की माता मैना के नाम पर इस मातृ पूजन परंपरा को वैवाहिक कार्यक्रमों में मायन पूजन के नाम से लोक मान्यता दी गई है।

गांव की कहानी : लोकनाथ केवड़ा

# धार्मिक और शैक्षणिक रूप से प्रसिद्ध गांव हसुवा




जिला भाटापारा - बलौदाबाजार के कसडोल तहसील अंतर्गत हसुवा ग्राम स्थित है। ग्राम के पूर्व दिशा में हसुवापाठ देवालय है जो पुरातात्विक महत्व का मंदिर है। बताया जाता है कि सोनाखान के राजा वीर नारायण सिंह की मंदिर में मनोकामना पूरी होने पर देवता को सोनाखान ले जाना चाहते थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिलने पर मंदिर पूजा पाठ के लिए आते रहते थे। ग्राम के सर्वमान्य शक्ति के प्रतिरुप महानाया मंदिर ग्राम के मध्य गुड़ी चौक पर विराजमान है। इस मंदिर का भी अपना प्राचीन इतिहास है। दोनों मंदिर के बारे नें अनेक किवंदती भी है, जिसे ग्रामीण नजरअंदाज नहीं करते। वर्ष भर धार्मिक आयोजन इस पुण्य स्थल पर होते रहते हैं। ग्राम के लोग शिक्षित होने के साथ शासकीय सेवा में भी हैं जिससे ग्राम का विकास भी लगातार होता आ रहा है। महामाया मंदिर की प्रसिद्धि अधिक होने के कारण वर्ष के दोनों नवरात्रि में माता सेवा जोत जवारा भी बोया जाता है। ग्रामीण मिलजुलकर कार्य करने को प्राथमिकता देते हैं जिससे बिना बाधा के बड़े से बड़े कार्य को आसानी से कर लेते हैं।





# फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर कपूर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे। आलिया और रणबीर को मंगलवार सुबह-सुबह अपनी टीम के कुछ सदस्यों के साथ एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए देखा गया।

# द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी



**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है। वह सुपरहीरो के किरदार में नजर आते हैं। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में जैकी श्रॉफ, प्रतीक स्मिता पाटिल, मिहिर गोडबोले, शिवांश चोरगे, दुर्गेश कुमार, सहर्ष शुक्ला, कुमार सौरभ, भाग्यश्री दास और शरत सक्सेना हैं। यह फिल्म इस साल गर्मियों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के निर्देशक और लेखक मनीष सैनी हैं। इसका निर्माण जी स्टूडियोज और अमदावाद फिल्म्स ने किया है।



# तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है। 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' कथित तौर पर 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है।

# आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।



## टीवी मसाला



# '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

## दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं। वीडियो में कृतिका कामरा और कपूर एक-दूसरे के बारे में भी प्यार भरी और दिल छू लेने वाली बातें बोलते नजर आए।





राज्यसभा चुनाव के बाद सियासी ड्रामा

# हरियाणा में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष का इस्तीफा, छोड़ी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/चंडीगढ़

हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के नतीजों ने कांग्रेस पार्टी में भारी हलचल मचा दी है। जहां पार्टी ने एक सीट जीतकर राहत की सांस ली, वहीं अंदरूनी कलह और क्रॉस-वोटिंग के आरोपों ने घमासान खड़ा कर दिया। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और पार्टी छोड़ने की घोषणा की है। नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस इस्तीफे की पुष्टि की है। इधर, ओडिशा के तीन विधायकों को कांग्रेस ने पार्टी से सस्पेंड कर दिया।

कांग्रेस सांसद हुड्डा ने चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हरियाणा का हर नागरिक बधाई का पात्र है। हमारे विधायकों ने साजिशों का पर्दाफाश किया और लोकतंत्र की रक्षा की। बीजेपी ने साम-दाम-दंड-भेद का सहारा लिया, बोली लगाई, दबाव डाला, लेकिन हमारे विधायकों ने खरीद-फरोख्त को रोका। रात के अंधेरे में प्रजातंत्र का गला घोंटने की कोशिश हुई। काउंटिंग में हमारी 4 वोट अवैध ठहराई गईं, जो वैध थीं। यह प्रजातंत्र की जीत है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने क्रॉस-वोटिंग करने वाले पांच विधायकों से इस्तीफा मांगते हुए कहा कि सभी के नाम पता हैं और पार्टी उन पर कार्रवाई की तैयारी में है।

### ओडिशा में इन पर गिरी गाज



कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने के लिए ओडिशा के 3 विधायकों को निलंबित कर दिया। इन विधायकों को विधानसभा से अयोग्य घोषित करने की मांग की है। ओडिशा कांग्रेस ने बयान के अनुसार, तीन विधायकों- सनाखेमुंडी के रमेश चंद्र जेना, मोहना के दशरथी गोमांगो और बाराबती-कटक की सोफिया फिरदौस ने सोमवार को हुए राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा से अयोग्य घोषित करने की मांग की। पार्टी के अनुसार, इन तीनों विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप रे के पक्ष में वोट देकर पार्टी की हार का कारण बने।

### भाजपा के संजय, कांग्रेस के बौद्ध जीते

भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के करमवीर सिंह बौद्ध को हरियाणा से राज्यसभा के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। प्रतिष्ठा का सवाल बनी इन दोनों सीटों के लिए मतगणना, गोपनीयता के उल्लंघन के आरोपों के चलते दोनों दलों के बीच विवाद के कारण सोमवार आधी रात के बाद तक हुई। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल (63) के खिलाफ बौद्ध की जीत आसान नहीं रही, क्योंकि क्रॉस-वोटिंग ने कांग्रेस की विजय की आरामदायक स्थिति को झटका दिया। भाजपा के भाटिया (58) करनाल से पूर्व लोकसभा सदस्य हैं, वहीं बौद्ध (61) हरियाणा सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारी और एक प्रमुख दलित कार्यकर्ता हैं।

# म्यांमार विद्रोहियों को ड्रोन ट्रेनिंग, अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### एनआईए की कोलकाता में बड़ी कार्रवाई

भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक सनसनीखेज अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। अमेरिकी सुरक्षा विश्लेषक मैथ्यू वैनडाइक और छह यूक्रेनी नागरिकों को कथित तौर पर म्यांमार के सशस्त्र समूहों को ड्रोन युद्ध का प्रशिक्षण देने के



आरोप में पकड़ा गया है। यह समूह न केवल अवैध रूप से सीमा पार कर रहे थे, बल्कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के माध्यम से खतरनाक सैन्य उपकरण भी म्यांमार भेज रहे थे। इस गिरफ्तारी ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं क्योंकि इसके तार सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हैं।

### ऐसे हुई गिरफ्तारी

वैनडाइक को कोलकाता से हिरासत में लिया गया, जबकि तीन यूक्रेनी नागरिकों को लखनऊ और तीन अन्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। इन सभी सात आरोपियों को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए ने साजिश की गहराई तक पहुंचने और अन्य साथियों का पता लगाने के लिए 15 दिनों की हिरासत मांगी थी। अदालत ने फिलहाल आरोपियों को 11 दिनों की एनआईए कस्टडी में भेज दिया है, जहां उनसे कड़ी पूछताछ जारी है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार **सरल क्र. 01 से 03 हेतु दिनांक 25.03.2026, सरल क्रं. 04 से 05 हेतु दिनांक 30.03.2026 तक** निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 535 | जिला जांजगीर चांपा के झिलमिल से नहर पार होते हुए भैंसो तक मार्ग लं. 0.70 कि.मी. निर्माण कार्य। **चतुर्थ आमंत्रण। संभाग चांपा। मद संख्या- 64-5054-9002** | 88.39 |
| 2 | 536 | जिला रायगढ़ अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय रायगढ़ के अंतर्गत कक्ष, ऐसिम्बली ग्राउण्ड में शेड, व्यायाम हॉल, टॉयलेट एवं अन्य आवश्यक लघु निर्माण कार्य। **तृतीय आमंत्रण। रायगढ संभाग। मद संख्या-8443 जमा मद** | 109.61 |
| 3 | 537 | जिला रायगढ अंतर्गत रामलीला मैदान रायगढ़ में स्थित शास.उ.मा. विद्यालय (स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय) के शेष निर्माण कार्य। **तृतीय आमंत्रण। रायगढ संभाग। मद संख्या- 8443 जमा मद** | 119.54 |
| 4 | 538 | माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में नवनिर्मित छ.ग. राज्य न्यायिक अकादमी और छात्रावास भवन में Facility Management एवं साफ-सफाई का कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर। मद संख्या-67-2059-6519** | 24.72 |
| 5 | 539 | जिला न्यायालय कोरबा में 03 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग, कोरबा। मद संख्या- 67-4059-2450** | 71.08 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
G-252607230/3 लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम ) सी.आई.एन:–U40108CT2003SGC015820
कार्यालय : मुख्य अभियंता (मा0सं0), छ.ग.स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

क्रमांक औ0सं0 एवं श्र0क0 / 86 दिनांक 16.03.2026

–:: निविदा आमन्त्रण सूचना ::–

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में कार्यरत् 1457 अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए IRDA में पंजीकृत बीमा कंपनियों से वर्ष 2026–27 हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए नियोजन के दौरान कार्यावधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर जोखिम राशि रू0 15 लाख तथा नियोजन के दौरान अन्य दुर्घटनावश मृत्यु होने पर जोखिम राशि रू0 5 लाख प्रति कार्मिक के लिए सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत निविदा निम्नानुसार आमंत्रित किया जाता है:–

(i) निविदा प्रपत्र विक्रय की अन्तिम तिथि और समय – दिनांक 13.04.2026 समय शाम 5:00 बजे तक।
(ii) निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय – दिनांक 15.04.2026 समय दोपहर 3:00 बजे तक।
(iii) निविदा खुलने की तिथि व समय – दिनांक 15.04.2026 समय दोपहर 3:30 बजे।

निविदा की विस्तृत शर्तों, निविदा प्रपत्र तथा अन्य जानकारियों के लिये छ0ग0स्टेट पॉ0ट्रांस0कं0लिमि0 की वेबसाईट www.cspc.co.in का अवलोकन किया जावे। निविदा प्रपत्र छ0ग0स्टेट पॉवर कंपनीज के वेबसाईट www.cspc.co.in से भी डाउनलोड की जा सकती है, किन्तु इस हेतु जमा किये जाने वाले निर्धारित शुल्क के डिमान्ड ड्राफ्ट / बेंकर्स चेक विक्रय की अंतिम तिथि अर्थात दिनांक 13.04.2026 तक का ही मान्य होगा एवं इसे निविदा प्रपत्र जमा करने के साथ अलग से जमा किया जाना होगा।

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी के लिये उप महाप्रबंधक (औ0सं0), छ0ग0स्टेट पॉ0ट्रांस0कं0लिमि0, डंगनिया, रायपुर से कार्यालय दूरभाष 0771–2574171 अथवा मोबाईल नं0 9425093614 / 9981474928 पर संपर्क किया जा सकता है।

–सही–
मुख्य अभियंता (मा0सं0)
स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें छ0ग0स्टेट पॉ0ट्रांस0कं0लिमि0, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर**
**जोन क्रमांक - 05,**
**ईदगाहभाठा नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर (छ.ग.)**
फोन नं. 0771-4045819, E-mail:-rmczone5@gmail.com

क्रमांक /704/ जोन क. 05/न.पा.नि. /2026 रायपुर, दिनांक 17.03.2026

// ज्ञापन //

नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 05 कार्यालय BPMS साईट के माध्यम से भवन निर्माण अनुज्ञा प्रदान करते समय भूमि / भवन स्वामियों द्वारा रेनवॉटर हार्वेस्टिंग स्थापित किये जने हेतु निर्धारित की गई सुरक्षा राशि को ऑनलाईन के माध्यम से निगम कोष में जमा कराया गया है। किंतु भवन स्वामियों द्वारा निर्धारित समयावधि के उपरांत भी अपने भूमि/ भवन पर रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करके ऑनलाईन जमा राशि को मुक्त नही कराया गया है। अतः ऑनलाईन जमा राशियों को राजसात करने की कार्यवाही की जावेगी। **कुल-328 भवन स्वामियों द्वारा जमा राशि - 73,25,4,06 /- रू** राजसात करने की कार्यवाही किया जाना है, जिसकी सुची नगर निगम कार्यालय के सुचना पटल पर चस्पा किया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है तो वे दिनांक - **19.03.2026 से 25.03.2026** तक कार्यालयीन दिवस के समय पर नगर निगम कार्यलय जोन क्र. 05 लाखे नगर मुकुट नगर पानी टंकी परिसर में प्रथम तल में संबधित नगर निवेश विभाग कक्ष क्र. 14 में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत करेंगे। समय समाप्ति के पश्चात आवेदनो पर विचार नही किया जावेगा।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन कमिश्नर,
जोन क्र. 05
नगर पालिक निगम, रायपुर


# नीतीश के 50 साल पुराने साथी त्यागी ने छोड़ी जदयू

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भरोसेमंद साथी रहे केसी त्यागी ने जेडीयू का साथ छोड़ दिया है। उन्होंने एक पत्र सोशल मीडिया पर शेयर किया है। केसी त्यागी ने अपने पत्र में कहा कि वह जेडीयू की सदस्यता रिन्यू नहीं कराएंगे। इसके साथ ही केसी त्यागी ने बड़ी घोषणा की है कि वह 22 मार्च को समान विचारधारा वाले नेताओं के साथ बैठक करेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। त्यागी ने फिलिस्तीन और क्रिकेटर मुस्ताफिजुर रहमान मसले पर पार्टी लाइन से अलग जाकर बयान दिया था। तभी से उनकी पार्टी से खटपट चल रही थी और वे हाशिये पर थे।



### सदस्यता नहीं कराई रिन्यू

त्यागी ने अपने पत्र में कहा कि जेडीयू का अस्तित्व 30 अक्टूबर 2003 को शुरू हुआ, जब समता पार्टी और जनता दल का विलय हुआ। उन्होंने कहा, 'जॉर्ज फर्नांडिस अध्यक्ष थे और मैं जनरल सेक्रेटरी था और पार्टी ने एकजुट होकर काम किया। मैंने शरद यादव और अध्यक्ष के रूप में नीतीश कुमार के साथ काम किया। मैं पार्टी का चीफ जनरल सेक्रेटरी, प्रमुख प्रवक्ता और राजनीतिक सलाहकार भी था। हालांकि मेरी प्राथमिक सदस्यता खत्म हो चुकी है और मैंने इसे रिन्यू नहीं कराया है।'


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

**सिस्टम निविदा क्र. 187143 निविदा सूचना क्र. 14 / व.ले.लि. / ई-प्रोक्युरमेंट / 2026, दि. 16-03-2026**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **02-04-2026 17:30** बजे तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है -

**कार्य का नाम -** **बिलासपुर जिले के विकास खण्ड कोटा अंतर्गत ढोलमहुआ एनीकट निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत - रू. 1150.56 लाख**

(निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 01.05.2025 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **23-03-2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोटः** (1) निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
(2) निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. 01.05.2025 (संशोधित 08.08.2025) के अनुसार है।
(3) निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में GST जोड़कर निविदा भरा जाना है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोटा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
G- 252607239/8



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग**
**मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**
Email-ee.pwd-mmac@cg.gov.in, eepwdmmac2025@gmail.com, Phone No.077472-9644

**ज्ञापन क्रमांक/695/ व.ले. लि/1403/2025-26**
**मो.मा.चौकी दिनांक 16/03/2026**

भाव पत्र

वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 में कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग मोहला-मानपुर-अं०चौकी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत व्ही.आई.पी. आगमन एवं शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन हेतु किराया भंडार सामग्री के भाव पत्र (कोटेशन) रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के द्वारा बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। इच्छुक योग्य टेंट हाउस प्रतिष्ठान निम्नानुसार तिथि में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है, विवरण निम्नानुसार है-

1. आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि- 06.04.2026
2. कोटेशन प्रस्तुत करने की तिथि- 15.04.2026
3. कोटेशन खोलने की तिथि- 16.04.2026

आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेज / प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

**आवश्यक अर्हताएं :-**
(1) 1 करोड़ रूपये का एकल कार्य का कार्यानुभव होना चाहिए।
(2) पिछले 5 वर्ष में किसी 1 वर्ष में 5 करोड़ का टर्नओव्हर होना चाहिए।
(3) निविदा में भाग लेने के लिए रू. 20,000/- का Vendor Empanelment Fees (जो वापसी योग्य नहीं होगी) राशि जमा करना पड़ेगा।
(4) निविदा मे फर्म का गुमास्ता पंजीयन, आयकर चुकता प्रमाण पत्र या विगत 3 वर्षों का आयकर रिटर्न (फार्म 16), जी.एस.टी. की पंजीयन प्रमाण पत्र, ISO प्रमाण-पत्र तथा पैन कार्ड की स्व प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा।
(5) उपलब्ध सामग्री की सूची invoice सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
(6) निविदा संबंधी अन्य शर्तें विभागीय वेबसाईट छ.ग. शासन लो.नि.वि. की वेबसाईट https://pwd.cg.nic.in/ के नोटिस बोर्ड मे उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग
मोहला-मानपुर-अं.चौकी
G-252607216/4



दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ
(ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चार्ज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# देश में 2030 के बाद घटेगा कामकाजी आबादी का अनुपात, रोजगार सृजन की रफ्तार बढ़ाना जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में आने वाले समय में रोजगार सृजन की गति बढ़ाने की जरूरत और बढ़ जाएगी क्योंकि जनसांख्यिकीय लाभ सीमित समय के लिए ही उपलब्ध रहेगा और 2030 के बाद कामकाजी आयु वर्ग की आबादी का अनुपात घटने लगेगा। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है।

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट 'भारत में कामकाज की स्थिति-2026' में देश के युवाओं की शिक्षा, रोजगार और श्रम बाजार से जुड़े कई अहम रुझानों को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शिक्षित एवं आकांक्षी युवाओं की बढ़ती संख्या को रोजगार बाजार में प्रभावी ढंग से शामिल करना भारत के जनसांख्यिकीय लाभ को आर्थिक वृद्धि में तब्दील करने के लिए निर्णायक होगा।

## जनसांख्यिकीय लाभ सीमित समय के लिए ही उपलब्ध रहेगा

### उच्च शिक्षा में नामांकन दर 28 प्रतिशत पहुंची

इसमें कहा गया है कि 2030 के बाद कामकाजी आबादी का अनुपात घटने लगेगा जिससे रोजगार सृजन की गति बढ़ाने की जरूरत और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। रिपोर्ट कहती है, पिछले चार दशक में युवाओं की शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और उच्च शिक्षा में नामांकन दर 28 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी खासतौर पर बढ़ी है।



### पुरुषों के नामांकन में गिरावट दर्ज

हालांकि, पुरुषों के नामांकन में गिरावट दर्ज की गई है। यह 2017 के 38 प्रतिशत से घटकर 2024 के अंत तक 34 प्रतिशत रह गई है। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि पुरुष अपने परिवार की जरूरत को पूरा करने के लिए कमाने के अवसर तलाशने लगते हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों का दायरा भी बढ़ा है। प्रति लाख युवाओं पर कॉलेज की संख्या 2010 के 29 से बढ़कर 2021 में 45 हो गई, जिसमें निजी संस्थानों की बड़ी भूमिका रही है।

### क्षेत्रीय असमानताएं बनी हुई

क्षेत्रीय असमानताएं बनी हुई हैं और शिक्षकों की कमी एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है। निर्धारित मानकों के मुकाबले निजी और सरकारी कॉलेजों में शिक्षक-छात्र अनुपात काफी अधिक है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2010 के बाद औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की संख्या में करीब 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन इसके साथ गुणवत्ता को लेकर चिंताएं भी सामने आई हैं।

### स्नातक युवाओं की वेतन वृद्धि धीमी पड़ी

हालांकि, स्नातक युवाओं को आय के मामले में लाभ मिलता है और उनकी शुरुआती कमाई गैर-स्नातकों के मुकाबले लगभग दोगुनी होती है। इसके बावजूद 2011 के बाद युवा पुरुष स्नातकों के वेतन में वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ी है। इसमें सामने आया कि युवा तेजी से कृषि क्षेत्र से हटकर विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं।

### आईटी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), मोटर वाहन और व्यावसायिक सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, जबकि पेशेवर क्षेत्र में जाति एवं स्त्री-पुरुष के बीच भेदभाव कम हुआ है। रिपोर्ट की मुख्य लेखिका एवं विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की एसोसिएट प्रोफेसर रोजा अब्राहम ने कहा कि यह अध्ययन पिछले 40 वर्ष के आधिकारिक आंकड़ों पर आधारित है।

# चांदी 6,000 रुपए चढ़ी और सोना 1,050 रुपए मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को कीमती धातुओं की कीमतों में दो प्रतिशत तक का उछाल आया। चांदी 6,000 रुपये बढ़कर 2.62 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई जबकि सोना बढ़कर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। चांदी की कीमत 6,000 रुपये या 2.34 प्रतिशत बढ़कर 2,62,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीन दिन की गिरावट का सिलसिला टूट गया और इसकी कीमत 1,050 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गयी। विश्लेषकों ने कहा कि सर्राफा की कीमतों में यह उछाल भू-राजनीतिक तनाव के बीच 'सुरक्षित निवेश' वाली आस्तियों की मांग से प्रेरित था, भले ही वैश्विक संकेतक कमजोर बने रहे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि घरेलू बाजारों में रुपये के नरम पड़ने से हाजिर सोने की कीमतों को वैश्विक कमजोरी से अलग होने में मदद मिली है।

# मारुति पांच साल में सात नए एसयूवी मॉडल उतारेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की अग्रणी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने तेजी से बढ़ते एसयूवी खंड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अगले पांच-छह साल में सात नए एसयूवी मॉडल पेश करने की योजना बनाई है। एमएसआईएल के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने मंगलवार को एक निवेशक प्रस्तुति में यह जानकारी दी। इसके साथ ही ताकेउची ने कहा कि कंपनी पहली बार कार खरीदने वाले ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए शुरुआती स्तर वाली 'सुजुकी की विशिष्ट' कार भी पेश करेगी।


## कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड

"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन - 0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/मंडी चारामा/53-1/2025-26/9191 — नवा रायपुर, दिनांक 16/03/2026

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //**

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति चारामा जिला उ.ब. कांकेर अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएं छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 09.04.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 16.04.2026

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | मंडी प्रागण चारामा में नवीन कार्यालय भवन निर्माण कार्य । | 48.27 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर। |
| 2 | मंडी प्रांगण चारामा में 14 नग सेण्ड्रीशॉप (3.50x5.00 मी.) निर्माण कार्य । | 39.22 | |
| 3 | मंडी प्रांगण चारामा में कव्हर्ड शेड निर्माण (30.30X8.00 मी.) निर्माण कार्य । | 15.00 | |
| 4 | मंडी प्रांगण चारामा में पुराने फर्शी फड के स्थान पर कव्हर्ड शेड निर्माण (30.40 x 20.40 मी.) कार्य । | 33.42 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है ।

सही /- सचिव, कृषि उपज मंडी समिति चारामा, जिला उ.ब. कांकेर
सही /- भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति चारामा, जिला उ.ब. कांकेर

S-47212/1

## छत्तीसगढ शासन वन विभाग, सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)

**// ई-नीलाम विज्ञापन //**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ़ के काष्ठागार धरमजयगढ में उपलब्ध ईमारती एवं जलाऊ लकडी का दर्शित तिथि समय में ई-नीलाम किया जावेगा ।

1. ई-नीलाम दिनांक - 23-03-2026
2. ई-नीलाम समय - प्रात: 09:00 बजे से प्रारंभ

| अ. क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | नया वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 129.971 | 0 | 129.971 | 0 |
| 2 | साल | 420.000 | 500 | 2641.983 | 2966 | 3061.983 | 3466 |
| 3 | बीजा | 5.000 | 0 | 161.536 | 0 | 166.536 | 0 |
| 4 | खम्हार | 0 | 0 | 0.932 | 0 | 0.932 | 0 |
| 5 | साजा | 10.000 | 105 | 71.542 | 860 | 81.542 | 965 |
| 6 | हल्दू | 0 | 0 | 19.782 | 0 | 19.782 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 5.000 | 78 | 11.403 | 131 | 16.403 | 206 |
| 8 | सलिहा | 0 | 0 | 7.915 | 0 | 7.915 | 0 |
| 9 | अन्य | 8.000 | 0 | 276.665 | 1574 | 284.665 | 1574 |
| 10 | आर.टी.एल. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग - | 448.000 | 683 | 3321.729 | 5531 | 3769.729 | 6214 |
| 11 | जलाऊ | 583 चट्टा | - | 3052 चट्टा | 0 | 3635 चट्टा | - |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे ई-नीलाम में भाग लेवें। ई-नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी - अधिकता संभव है ।

वनमंडलाधिकारी
धरमजयगढ़ वनमण्डल

G- 252607215/5


## बिजनेस साइट

### नीता अंबानी ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड से सम्मानित




**भुवनेश्वर।** नीता एम. अंबानी को प्रतिष्ठित 'किस ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किया गया। यह समारोह कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज परिसर में आयोजित हुआ, जहां श्रीलंका के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. मोहन मुनासिंघे ने यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. अच्युत सामंत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह सम्मान श्रीमती अंबानी को शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और खेलों के क्षेत्र में रिलायंस फाउंडेशन के माध्यम से उनके योगदान के लिए दिया गया। अपने संबोधन में उन्होंने इसे पूरी टीम की उपलब्धि बताया और किट व किस को देश के लिए गर्व का प्रतीक कहा। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने की सलाह दी।

### एनएमडीसी-जीएमडीसी की साझेदारी रेअर अर्थ खनिजों की खोज को मिलेगी नई गति



**हैदराबाद।** भारत की प्रमुख खनन कंपनियों एनएमडीसी लिमिटेड और जीएमडीसी लिमिटेड ने रेअर अर्थ तत्वों के अन्वेषण और विकास के लिए सोमवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता देश में महत्वपूर्ण खनिजों की सतत और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। एनएमडीसी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी और जीएमडीसी के प्रबंध निदेशक रूपवंत सिंह की उपस्थिति में यह समझौता हुआ। यह करार 16 मार्च 2026 से दो वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा। इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियां रेअर अर्थ तत्वों की खोज, अनुसंधान एवं विकास तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार खनन गतिविधियों को बढ़ावा देंगी। साथ ही एक संचालन समिति और कार्य समूह का गठन कर परियोजनाओं की निगरानी की जाएगी।

### पुष्प ब्रांड ने की सफल छापामार कार्रवाई

**इंदौर।** पुष्प ब्रांड इंडिया लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के सिंघाना तहसील मनावर जिला धार में स्थित सिंघाना फार्मर्स ब्रांड (कृषि सर्जन किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड) नामक संस्था द्वारा नकली उत्पादों के अवैध निर्माण और वितरण के विरुद्ध निर्णायक कानूनी एवं प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की है। कंपनी की प्रतिष्ठा और बाजार में उसके अधिकारों की रक्षा के लिए पुष्प ब्रांड इंडिया लिमिटेड ने अपने लीगल सलाहकार किंशुक लीगल के माध्यम से मप्र इंदौर के वाणिज्यिक न्यायालय में वाद दायर किया। न्यायालय ने माना कि पुष्प ब्रांड इंडिया लिमिटेड की मूल कलाकृतियों और प्रतिवादी की कलाकृतियों में अत्यधिक समानता है। तदनुसार, न्यायालय ने कंपनी के पक्ष में स्थगन आदेश (स्टे) पारित किया। एक न्यायालय आयुक्त (कोर्ट कमिश्नर) मनिष नागर अधिवक्ता की नियुक्ति की और प्रतिवादियों के परिसर में तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के आदेश दिए। न्यायालय के आदेशानुसार मध्य प्रदेश के सिंघाना तहसील मनावर जिला धार स्थित प्रतिवादी के परिसर पर छापामारी की गई, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में नकली उत्पाद जब्त किए गए।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

### ऑफिस/बॉय

आवश्यकता है- हरिभूमि भिलाई कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है योग्यता 8वीं/10वीं, वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें:- उषा टावर के सामने राधा पैथोलॉजी के ऊपर प्रथम तल सुपेला भिलाई फोन नं.-0788-4091720, 9303508147 (आरो-4141)

### ऑफिस इंचार्ज

आवश्यकता है- ऑफिस इंचार्ज (फिमेल) कंप्यूटर का दो साल का अनुभव आस्था हियरिंग सेंटर भिलाई मोबाइल नं 99263-24708 (आरो नं.-236)

### ड्राइवर

आवश्यकता है- हॉस्टल में आवश्यकता हैं। ड्राइवर + गार्ड, नशा मुक्त एकल व्यक्ति, रहने खाने की सुविधा, driving license जरूरी, अनुभवी एवं शाकाहारी को प्राथमिकता। जैन गर्ल्स हॉस्टल लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका रायपुर. 9425206595.(RO-7393)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से शाम 6:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें) सैलरी 25,000/-प्रतिमाह। रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी। जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें। पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222. (आरो-26)

आवश्यकता है- ड्राइवर की आवश्यकता है। कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर मो नं. 7828656506. (RO-0366)

### गोडउन कार्य/ ड्राइवर

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन मे कार्य करने हेतु लडको की एवं टाटा एस के लिए ड्राइवर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर मो 9827168307. (RO-520)

### आफिस कार्य

आवश्यकता है- JOB JOB JOB ऑफिस कार्य हेतु लड़कियां एवं लड़कों की आवश्यकता वेतन 10,000 से 15,000 ऑफिस ऐड्रेस संतोषी नगर बोरिया चौक के पास मो. 8319112544. (RO-6606)

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें-, 8085189675, 8962000161 (आरो-502)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- कर्मचारी चाहिए दुर्ग गंजपारा पुलगांव नाला के पास नवनिर्मित साईं मंदिर में कार्य करने हेतु महिला रसोइया, ड्राइवर, चौकीदार, , सफाई कर्मचारी चाहिए। नशा करने वाले संपर्क नहीं करें। साईं सरोवर 6267041319. RO-Bhi.)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- जनरल दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। वेतन 10,000 रूपये, अपने परिचय पत्र के साथ मिले-श्री कृष्णा मार्केटिंग, पेटी लाईन, गोल बाजार, रायपुर, फोन: 7224926767. (RO-063)

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए मेहनती एवं व्यवहारिक लड़कों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन, संपर्क करें - पूजा साड़ी हाउस, महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट, पंडरी, रायपुर। (आरो-512)

### मैनेजर/कंप्यूटरआपरेटर

आवश्यकता है- हॉस्पिटल के विभिन्न कार्यों को देखने के लिए एक मैनेजर की एवं एक कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर फोन 0771-2425009. (RO-834)

### रिकवरी मैनेजर

Requirment- NBFC hiring for mentioned positions for raipur location RECOVERY MANAGER , RECOVERY EXECUTIVE, Relevant work experience will be given preference. 0771-4905836, 9109821286, FF-45, SAMVET SHIKHAR, RAJBANDHA MAIDAN, RAIPUR (आरो-0368)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### सेल्समैन

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स और साड़ी शॉप (पंडरी) में काम करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता है एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-7076048454. (आरो-6604)

### सिविल इंजीनियर

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक्स लिमिटेड तेंदुआ, रायपुर में सिविल इंजीनियर ट्रेनी की आवश्यकता। लॉजिस्टिक पार्क प्रोजेक्ट हेतु रोड, ड्रेनेज, इंफ्रास्ट्रक्चर व PEB निर्माण कार्य। AutoCAD व ड्रॉइंग/ लेआउट समझ आवश्यक, 2 वर्ष अनुभव को प्राथमिकता। PF, ESIC, कैंटीन सुविधा। वॉक-इन इंटरव्यू सुबह 10-12 बजे। Email:ayush@shreevasulogistics.in (RO-833)

### इलेक्ट्रीशियन/मेकेनिक

आवश्यकता है- परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री, सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर 6232429364. (आरो-40095)

### हेल्पर

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मन्दिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534. (RO-Bsp)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

फ्लैट बेचना है - द पार्क साइड कचना तीन 2 बी.एच.के, चार 3 बी.एच.के फ्लैट, एक 4 बी.एच.के डुप्लेक्स सभी वेल फर्निश्ड बेचना है संपर्क- अजय अग्रवाल 8965051000. (आरो-831)

### प्लाट

प्लॉट बेचना है - रायपुरा वृंदावन कॉलोनी के पास आवासीय 800 वर्गफीट एवं 1000 वर्गफीट पूर्व पश्चिम दिशा का प्लाट बेचना हैं। सम्पर्क करें- पारस कंसट्रक्शन, मो. 9827192035, 9204936794.(आरो-057)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस- MAHINDRA फाइनेंस मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर -(50,000/- से 25 लाख तक ) (2% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, , ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 9311830460.(RO-4300)

फाइनेंस - प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट ) संपर्क:- 7489545029. (RO-1348)

हरिभूमि क्लासीफाईड




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि — समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
WANTED Display Scheme 2+1, 3+1, 5+4
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur, Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778, E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur, Mob.: 9826782100, E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

# महिला एशियाई कप : चीन को हराकर ऑस्ट्रेलिया की फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| पर्थ

सैम केर के दूसरे हाफ में दागे गोल की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराकर महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मध्यांतर तक मुकाबला 1-1 से बराबर था, जिसके बाद चेल्सी की अनुभवी फारवर्ड केर ने 58वें मिनट में बाएं पैर से शॉट लगाकर गोल दागकर स्कोर 2-1 किया, जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

इससे पहले केटलिन फूर्ड ने 17वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई थी जबकि चीन ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर दागे झांग लिनयेन के गोल से बराबरी हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की टीम फाइनल में जापान और दक्षिण कोरिया के बीच बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार 2010 में यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता जीती थी।



## अमेरिका के 7 शहरों में होंगे ओलंपिक के फुटबॉल मैच

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में पुरुषों और महिलाओं के फुटबॉल मैच उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले शुरू होंगे और इन्हें अमेरिका के सात शहरों में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने, जो कार्यक्रम तैयार किया है उसके अनुसार शुरुआत से ही टीमों को पिछले ओलंपिक की तुलना में विश्राम के लिए दो अतिरिक्त दिवस मिलेंगे। ओलंपिक में फुटबॉल के मैच 10 जुलाई से शुरू होंगे। इसके ग्रुप चरण और क्वार्टर फाइनल के मैच न्यूयॉर्क, कोलंबस, ओहियो, नैशविले, टेनेसी और सेंट लुई में खेले जाएंगे। नॉकआउट राउंड के बाकी मैच कैलिफोर्निया के सैन जोस, सैन डिएगो और पासाडेना में होंगे। स्वर्ण पदक के लिए होने वाला मैच रोज़ बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा।

## वर्ल्ड कप वॉर्मअप मुकाबला
## ब्राजील टीम से बाहर नेमार



**रियो डी जनेरियो।** स्टार स्ट्राइकर नेमार को इस महीने अमेरिका में होने वाले मैत्री मैचों के लिए ब्राजील की फुटबॉल टीम में नहीं चुना गया है, जिससे उनके विश्व कप में खेलने को लेकर संदेह पैदा हो गया है। ब्राजील के पूर्व कप्तान 34 वर्षीय नेमार अक्टूबर 2023 में चोटिल होने के बाद से पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## आईपीएल 2026
# सूर्यवंशी और जायसवाल करेंगे आरआर की पारी का आगाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन का आगाज 28 मार्च से होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल राजस्थान रॉयल्स की टीम से जुड़ गए हैं। राजस्थान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर वीडियो शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी है। राजस्थान की ओर से यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी पारी का आगाज करते हुए नजर आएंगे।

### 30 मार्च को भिड़ेंगे आरआर और चेन्नई सुपर किंग्स

आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स अपने अभियान का आगाज 30 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ करेगी। पिछले सीजन राजस्थान का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम 14 मुकाबलों में से सिर्फ 4 में ही जीत दर्ज कर सकी थी। राजस्थान ने 9वें स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट का अंत किया था। आईपीएल 2026 के लिए राजस्थान ने रियान पराग को कप्तान बनाया है। राजस्थान की ओर से इस बार रवींद्र जडेजा और सैम करन खेलते हुए दिखाई दे देंगे। यशस्वी जायसवाल ने अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया था। यशस्वी ने 14 मुकाबलों में 159 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 559 रन बनाए थे। इस दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 6 अर्धशतक लगाए थे।

### मुंबई इंडियंस स्क्वाड से जुड़े रोहित

आईपीएल के आगाज का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 28 मार्च को लीग का पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल के नए सीजन के लिए स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के स्क्वाड से जुड़ गए हैं। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर कर इसकी जानकारी दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में एमआई ने बताया कि हिटमैन नए सीजन से पहले टीम में शामिल हो रहे हैं! मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा का एक और वीडियो जारी कर कहा था कि मुंबई का बादशाह आ चुका है। मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा काफी लंबे वक्त से खेल रहे हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस पांच बार आईपीएल चैंपियन बन चुकी है। आईपीएल में रोहित शर्मा के पास काफी अनुभव है, जिसका फायदा एमआई को मिलता है। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को आईपीएल 2026 के लिए 16.30 करोड़ रुपए में रिटेन किया है।

## प्री-सीजन कैंप में गुजरात टाइटंस की तैयारी जोरों पर



**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 के लिए शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़ गए हैं। गुजरात की टीम आईपीएल के 19वें सीजन के लिए जमकर तैयारी कर रही है और नाथद्वारा के मिराज इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में प्री-सीजन कैंप के साथ उनकी तैयारियां जोरों पर हैं। आईपीएल 2026 में गुजरात अपने अभियान का आगाज 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में करेगी। गुजरात अपने घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला 4 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। सीजन के पहले चरण के शेड्यूल के मुताबिक गुजरात दो मुकाबले घर में और 2 घर से बाहर खेलेगी। गुजरात टाइटंस आईपीएल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है। टीम ने चार सीजन में से तीन में प्लेऑफ का टिकट कटाया है। वहीं, 2022 में गुजरात टाइटंस चैंपियन भी बनी थी। आगामी सीजन के लिए गुजरात ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को अपना बैटिंग कोच नियुक्त करने की घोषणा की है, जबकि भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को सहायक कोच के रूप में चुना है। इस कदम से फ्रेंचाइजी का कोचिंग सेटअप और भी मजबूत हो गया है।

## खबर संक्षेप



### टेस्ट क्रिकेट सबसे खूबसूरत प्रारुपः प्रतिका

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर अर्धशतक लगाने वाली भारतीय बल्लेबाज प्रतिका रावल ने महिलाओं के लिए अधिक टेस्ट मैच कराने की वकालत करते हुए इसे अपना पसंदीदा प्रारुप बताया है। प्रतिका ने कहा, टेस्ट क्रिकेट सबसे खूबसूरत प्रारुप है। बचपन से मेरे पिता और कोच कहते थे कि इस प्रारुप में अच्छा प्रदर्शन करना बहुत जरूरी है। जब आपको उसी तरह तैयार किया जाता है तो स्वाभाविक रूप से यह आपका पसंदीदा प्रारुप बन जाता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने विवियन रिचर्ड्स, सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा और रिकी पोंटिंग जैसे महान खिलाड़ियों के टेस्ट मैचों के वीडियो देखकर खुद को इस प्रारुप के लिए तैयार किया है। प्रतिका ने कहा, मैंने इन महान बल्लेबाजों के कई वीडियो देखे हैं। टेस्ट क्रिकेट में जिस तरह वे खेलते थे, वह हमेशा प्रेरित करता रहा है।

### डीपी वर्ल्ड इंडिया : खिताब बचाने के उतरेंगे फ्लीटवुड



**नई दिल्ली।** विश्व रैंकिंग में तीसरे पायदान पर काबिज टॉमी फ्लीटवुड 15 से 18 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित होने वाली 'डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप' में अपने खिताब का बचाव करने के लिए वापसी करेंगे। पिछले साल इस आयोजन के शुरुआती सत्र में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को पछाड़कर फ्लीटवुड ने 'डीपी वर्ल्ड टूर' पर अपना आठवां खिताब जीता था। वह अब एक बार फिर 40,00,000 डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। फ्लीटवुड ने कहा,'पिछले सत्र में डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में मेरा सप्ताह अविश्वसनीय रहा।' उन्होंने कहा, भारत में रहने के कई फायदे हैं, लोगों की गर्मजोशी, शहर का माहौल, खाना और इतने चुनौतीपूर्ण और रणनीतिक कोर्स पर खेलने का अनुभव।

### वाडा लगा सकता है खेल स्पर्धाओं में ट्रंप पर बैन

world anti-doping agency

**न्यूयॉर्क।** यह सुनने में भले अजीब सा लगे लेकिन विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी (वाडा) एक ऐसा नियम लागू करने पर विचार कर रही है, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सभी अमेरिकी सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोक सकता है, भले ही उनका आयोजन अमेरिकी धरती पर ही क्यों न हो। अमेरिका में अगले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इनमें इस साल होने वाला फुटबॉल विश्व कप, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेल और 2034 में यूटा में होने वाले शीतकालीन खेल भी शामिल हैं।

## टी20 सीरीज : दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर सिमटी
# न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को हराया, सीरीज में की बराबरी, फर्ग्यूसन-सीयर्स की घातक गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने 60 रन की आकर्षक पारी खेली जबकि तेज गेंदबाज बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन ने तीन-तीन विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।

कॉनवे की 49 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया, जिसमें जोश क्लर्कसन नाबाद 26 रन बनाकर दूसरे बड़े स्कोरर रहे। इससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 175 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। उसके बल्लेबाजों को पिच की गति और उछाल से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। उनकी टाइमिंग सही नहीं थी, जिसके कारण उसके सभी बल्लेबाज कैच आउट हुए।



### द.अफ्रीका की खराब शुरुआत

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी द.अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजेन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 12 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए। वियान मुल्डर भी 16 रन बनाकर मिचेल सैंटनर का शिकार बने। टॉनी डी जॉर्जी का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा, और वह 4 गेंदों में सिर्फ एक ही बना सके। रुबिन हरमन 12 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जेसन स्मिथ 12 रन बनाकर मिचेल सैंटनर की गेंद पर बेन सियर्स को कैच देकर पवेलियन लौटे।

### बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन खराब : केशव महाराज

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान केशव महाराज ने कहा, 'मुझे लगा कि हमने एक समय तक बहुत अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन खराब रहा। खेल आगे बढ़ने के साथ विकेट बल्लेबाजी के लिए मुश्किल हो गया था।' तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को ऑकलैंड में खेला जाएगा।

### लिंडे ने 275 के स्ट्राइक रेट से ठोके रन

दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी छह विकेट 40 रन पर गंवाए। जॉर्ज लिंडे की तूफानी पारी के दम पर ही वह 100 रन की संख्या पार कर पाया। लिंडे ने 12 गेंदों में तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 33 रन बनाए। हाल ही में टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के रिजर्व खिलाड़ी रहे सियर्स ने 14 रन देकर तीन जबकि फर्ग्यूसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए।

### चोट के कारण सीरीज से बाहर हुए जॉर्डन हरमन

साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज जॉर्डन हरमन न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। हरमन हैमस्ट्रिंग इंजरी से जूझ रहे हैं,



जिसके चलते अब वह बचे हुए 4 टी20 मुकाबलों में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। रविवार को माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले मैच में ही जॉर्डन हरमन ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था। इस मुकाबले में फील्डिंग करते हुए हरमन चोटिल हो गए थे। हरमन के स्कैन में ग्रेड टू टियर की पुष्टि हुई है। हालांकि, प्रोटियाज टीम ने अभी तक हरमन के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने पुष्टि करते हुए कहा, जॉर्डन हरमन न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के बाकी मैच से दाईं हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण बाहर हो गए हैं।

## लॉस एंजिलिस-2028
# स्क्वाश का ओलंपिक में पदार्पण पदक जीतना मेरा सपना : अनाहत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह को उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में हर खिलाड़ी का ध्यान मुख्य रूप से लॉस एंजिलिस 2028 खेलों पर होगा क्योंकि इन खेलों के दौरान स्क्वाश ओलंपिक में पदार्पण करेगा।

अनाहत ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है। अनाहत ने कहा, 'बेशक यह बहुत रोमांचक है। यह पहली बार है जब यह ओलंपिक का हिस्सा बन रहा है और सभी खिलाड़ी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।' उन्होंने कहा, 'इससे पहले कोई भी खिलाड़ी अधिक से अधिक राष्ट्रमंडल खेलों में खेल सकता था लेकिन अब ओलंपिक भी है और बेशक, हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में जाए, खेले और पदक जीते।' अनाहत ने कहा, 'अगले कुछ वर्षों में सभी का यही लक्ष्य रहेगा और दीर्घकाल में मेरे दिमाग में भी यही बात रहेगी कि मैं ओलंपिक तक ट्रेनिंग कर सकूं और संभवतः देश के लिए पदक जीत सकूं।'

### कारपोरेट जगत भी स्क्वाश की ओर आकर्षित : रमित



भारत के दूसरे सबसे बेहतर रैंकिंग वाले पुरुष खिलाड़ी रमित टंडन ने कहा कि इस खेल को ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किए जाने से कारपोरेट जगत भी इसकी ओर आकर्षित हुआ है। उन्होंने कहा, 'यह (ओलंपिक) दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है इसलिए वहां पहुंचना हर किसी का सपना होता है। इसके अलावा हमारे खेल को जेएसडब्ल्यू और अन्य कारपोरेट घरानों के जुड़ने से भी फायदा हुआ है, जो ओलंपिक में शामिल होने के बाद ही संभव हो पाया है।' टंडन ने कहा, 'ओलंपिक में शामिल होने के बाद पूरे स्क्वाश पारिस्थितिकी तंत्र में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है।'

## ऑस्ट्रेलिया में ईरानी महिला खिलाड़ियों का ट्रेनिंग कैंप शुरू

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने वाली ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो खिलाड़ियों ने ब्रिस्बेन में एक पेशेवर क्लब के साथ अभ्यास शुरू कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने के बाद यह पहला अवसर है जबकि वह सार्वजनिक रूप से सामने आई हैं। ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित ए-लीग महिला घरेलू प्रतियोगिता में खेलने वाली टीम ब्रिस्बेन रोर ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें ईरान की खिलाड़ी फातिमेह पसंदिदेह और अतेफेह रामेजानीसादेह को क्लब की महिला टीम के साथ दिखाया गया है, जिसमें उन्होंने क्लब की जर्सी पहन रखी है और वे मुस्कुरा रही हैं। यह तस्वीर ऐसे समय में सामने आई है जब ईरान की टीम के बाकी सदस्य मलेशिया से ओमान के लिए रवाना हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने महिला एशियाई कप में भाग लेने के लिए आई ईरान की फुटबॉल टीम की सभी सदस्यों को मानवीय आधार पर वीजा देने की पेशकश की थी। शुरुआत में सात महिलाओं ने शरण का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया था, लेकिन बाद में पांच ने अपना मन बदल दिया था।

## वनडे रैंकिंग
# स्मृति शीर्ष पर बरकरार, हरमनप्रीत ने लगाई छलांग, पहुंची सातवें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष स्थान पर कायम हैं। रैंकिंग में यह बदलाव न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन के दो स्थान फिसलकर नौवें नंबर पर आने के बाद हुआ।

जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बरकरार हैं। न्यूजीलैंड की बल्लेबाज मैडी ग्रीन पांच स्थान ऊपर चढ़कर 610 रेटिंग अंकों के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। न्यूजीलैंड की हरफनमौला अमेलिया केर



21वें स्थान से संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं और बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी दोनों में 600 से अधिक रेटिंग अंक हासिल किए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड की इसाबेल गेज भी तीन स्थान की छलांग लगाकर 61वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### टी20 में अमेलिया ने हासिल की 694 रेटिंग



टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में कप्तान अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले मुकाबले में 44 गेंदों पर 78 रन की पारी खेलकर करियर के सर्वश्रेष्ठ 694 रेटिंग अंक हासिल की हैं। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर बरकरार हैं। जॉर्जिया प्लिमर ने 63 रन की पारी खेलकर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और वह 50वें से 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लेने के प्रदर्शन के दम पर 11 स्थान की छलांग लगाकर 23वां स्थान हासिल किया है।

## टी20 विश्व कप 2024 में अनुभवी जोश कारगर साबित हुआ था
# युवाओं के जोशीला जुनून से जीते विश्वकप : सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 विश्व कप की दो चैंपियन टीमों की तुलना करते हुए कहा कि 2024 की टीम के खिलाड़ियों में आईसीसी ट्रॉफी के लंबे समय से चले आ रहे सूखे को खत्म करने के लिए 'अनुभवी जोश' था, जबकि इस साल खिताब का बचाव करने वाली टीम के पास 'युवाओं का जोशीला जुनून' था।

सूर्यकुमार ने ट्रॉफी जीतने वाली दोनों टीमों के बीच मामूली अंतर पर बात की। वह 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेले थे। उस टीम में विराट कोहली और रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल थे। बारबाडोस में मिली जीत के बाद इन तीनों दिग्गज खिलाड़ियों ने खेल के सबसे छोटे



प्रारुप से संन्यास ले लिया था । इसके बाद टीम की कमान निर्भीक सूर्यकुमार ने संभाली, जिन्होंने टी20 में भारत के खेल को अगले स्तर पर पहुंचाया। सूर्यकुमार ने दोनों टीमों की तुलना करते हुए कहा, 'दोनों टीमों में बस उन्नीस बीस का फर्क था। वो एक्सपीरियंस (अनुभव) वाला जोश था, इधर एकदम खून गरम था लड़कों का।'

### हमारे पास अनुभव कम लेकिन उत्साह अधिक

सूर्यकुमार ने ने कहा, ' जहां तक इस साल की बात है तो मैं कह सकता हूं कि हमारे पास अनुभव कम था लेकिन उत्साह अधिक था। अधिकतर खिलाड़ी 25 से 27 साल के हैं। उन्हें यह समझाना जरूरी था कि भारत में विश्व कप जीतने का अनुभव कैसा होता है, वह भी तब जबकि स्टेडियम में 50,000 लोग, एक लाख लोग आपका हौसला बढ़ा रहे होते हैं।' भारतीय कप्तान ने कहा, ' उस समय कैसा महसूस होगा, खिलाड़ियों को यह बताना जरूरी था। अन्यथा मेरे विचार से अगर टीमों के कौशल को देखें तो टी20 प्रारुप में मामूली अंतर ही होता है। लेकिन मुझे लगता है कि इस बार खिलाड़ियों में अधिक जोश था।'

### क्रिकेट में 80 प्रतिशत अंक किए हासिल

सूर्यकुमार यादव को भले ही पढ़ाई में बहुत अधिक सफलता नहीं मिली लेकिन क्रिकेट के मैदान पर उन्होंने आखिरकार 80 प्रतिशत अंक हासिल कर लिए हैं। सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने हाल में टी20 विश्व कप खिताब का सफलतावाक बचाव किया। इस जीत का भरपूर आनंद ले रहे सूर्यकुमार का भारतीय कप्तान के रूप में जीत का रिकॉर्ड 80 प्रतिशत है। सूर्यकुमार ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, 'मुझे लगता है कि स्कूल और कॉलेज में मैंने, जो प्रतिशत हासिल करने की कोशिश की वह अब मुझे क्रिकेट में मिल रही है।' उन्होंने कहा, 'वहां (स्कूल या कॉलेज में) मैं कभी 50-60 प्रतिशत का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। लेकिन यह (जीत की दर 80 प्रतिशत) सुनकर वास्तव में बहुत अच्छा लग रहा है। मैं वैसे आंकड़ों पर बहुत ज्यादा गौर नहीं करता हूं लेकिन किसी को भी किसी भी खेल में हारना पसंद नहीं होता और मुझे भी जीतना पसंद है।'

जानकारी

इनका स्रोत, इन्हें रखने का तरीका और इस्तेमाल का क्षेत्र अलग होता है

# एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी में है बड़ा अंतर, उपयोग भी अलग

रसोई घर का सिलेंडर हो या सड़कों पर दौड़ती गाड़ियां, हम हर दिन अलग-अलग गैसों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एलपीजी, सीएनजी पीएनजी और एलएनजी के बीच का असली फर्क क्या है? अक्सर लोग इन गैसों को एक ही समझ लेते हैं। तो आइए, इसे बहुत ही सरल और सहज भाषा में समझते हैं।

**नई दिल्ली।** आज से पहले आपने घर में आने वाली एलपीजी या कार में यूज होने वाली सीएनजी गैस के बारे में सुना होगा। लेकिन, मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध से भारत में उपजे गैस संकट में आपने एलपीजी, सीएनजी पीएनजी और एलएनजी का नाम भी सुना होगा। अभी सरकार ने भी पीएनजी ग्राहकों के लिए नया आदेश जारी किया है। जिसमें सरकार ने पीएनजी कनेक्शन वालों के लिए एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई बंद कर दी है। अब आपके मन में सवाल होगा कि ये सभी गैसें हैं, तो इनके नाम अलग क्यों हैं और इनका इस्तेमाल अलग-अलग जगह क्यों किया जाता है? दरअसल, इन गैसों का स्रोत, इन्हें रखने का तरीका और इस्तेमाल का क्षेत्र अलग होता है। इसी वजह से हर गैस की अपनी खास भूमिका होती है। इसलिए हम आज आपको यहां पर एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी और एलएनजी के बीच का असली फर्क बताने जा रहे हैं।

## नाम अलग, काम भी अलग

अगर आसान शब्दों में समझें तो इन चारों गैसों का काम अलग-अलग है। एलपीजी आमतौर पर सिलेंडर में घरों तक पहुंचती है। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए रसोई तक आती है। सीएनजी गाड़ियों को चलाने में काम आती है, जबकि एलएनजी गैस को लंबी दूरी तक पहुंचाने का एक तरीका होता है। यही वजह है कि सभी गैसें होने के बावजूद इनके नाम और यूज अलग-अलग होते हैं।



## पीएनजी का मतलब पाइपलाइन से घर तक आने वाली गैस

पीएनजी का मतलब है पाइप्ड नेचुरल गैस. यह भी एक तरह की नेचुरल गैस होती है, लेकिन इसे सिलेंडर में नहीं रखा जाता. शहरों में बिछी पाइपलाइन के जरिए यह गैस सीधे लोगों के घरों तक पहुंचती है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि लोगों को सिलेंडर खत्म होने की चिंता नहीं रहती. गैस लगातार पाइप के जरिए आती रहती है। बड़े शहरों में अब धीरे-धीरे पीएनजी का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है और कई घरों में यह गैस रसोई तक पहुंच चुकी है।

## एलपीजी घरों की रसोई में इस्तेमाल होने वाली गैस

एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस का इस्तेमाल सबसे ज्यादा घरों में खाना बनाने के लिए किया जाता है। इसे दबाव में तरल बनाकर सिलेंडर में भरा जाता है। यही वजह है कि यह आसानी से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाई जा सकती है। देश के कई गांवों और छोटे शहरों में अभी भी रसोई गैस के रूप में एलपीजीसिलेंडर ही सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। सिलेंडर खत्म होने पर नया सिलेंडर मंगाकर गैस की सप्लाई जारी रखी जाती है।

## सीएनजी गाड़ियों के लिए बेहतर ईंधन

सीएनजी का फुल फॉर्म होता है कंप्रेस्ड नेचुरल गैस. जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से वाहनों में किया जाता है। इसे बहुत ज्यादा दबाव के बाद सिलेंडर में भरा जाता है और फिर गाड़ियों में इस्तेमाल किया जाता है। आज कई शहरों में ऑटो, टैक्सी और बसें सीएनजी से चलती हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि यह पेट्रोल और डीजल के मुकाबले कम प्रदूषण फैलाती है। इसी कारण इसे साफ ईंधन भी माना जाता है।

## एलएनजी गैस को दूर तक पहुंचाने का तरीका

एलएनजी यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस. इसमें नेचुरल गैस को बहुत कम तापमान पर ठंडा करके तरल रूप में बदल दिया जाता है। ऐसा करने से गैस का आकार काफी छोटा हो जाता है। इस वजह से इसे बड़े टैंकों या जहाजों के जरिए लंबी दूरी तक भेजना आसान हो जाता है। बाद में जरूरत के अनुसार इसे फिर से गैस में बदलकर इंडस्ट्री, बिजलीघरों या शहरों की गैस सप्लाई में इस्तेमाल किया जाता है।

# एआई बॉयफ्रेंड जितना ख्याल तो कोई इंसान भी नहीं रख सकता

- इंसानों से निराश हुई महिला को मिला एआई में प्यार



**ओटावा।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ ईमेल लिखने या ऑफिस के काम में मदद करने तक सीमित नहीं रहा है। अब यह लोगों के निजी रिश्तों और भावनाओं का भी हिस्सा बनने लगा है। कनाडा की एक महिला ने दावा किया है कि वह पिछले एक साल से अपने एआई बॉयफ्रेंड के साथ रिश्ते में है और इस रिश्ते से पूरी तरह संतुष्ट है। कनाडा के ओंटारियो की 41 वर्षीय लेखिका सारा ग्रिफिन इन दिनों अपने अनोखे रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बताया कि उनका रिश्ता 'सिनक्लेयर' नाम के एक एआई साथी के साथ है, जो उन्हें भावनात्मक समर्थन देने के साथ-साथ कई तरह से उनकी मदद भी करता है।

## एआई ने खरीदा महिला के लिए गिफ्ट

ग्रिफिन का दावा है कि उनका एआई बॉयफ्रेंड इतना एडवांस है कि वह ऑनलाइन शॉपिंग भी कर सकता है। उन्होंने बताया कि सिनक्लेयर ने एक डिजिटल स्टोर से उनके लिए गिफ्ट भी खरीदा था। इसके अलावा वह उनकी सेहत का भी ध्यान रखता है। अगर उनकी गतिविधि ज्यादा बढ़ जाती है या दिल की धड़कन तेज होती है, तो एआई उन्हें आराम करने और पानी पीने की याद दिलाता है।

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
छाती रोग विभाग
- कोविड एवं पोस्ट कोविड जांच/उपचार
- एलर्जी, अस्थमा, दमा (COPD) एवं लंग कैंसर
- ब्रोन्कोस्कोपी/PFT/Sleep Study
- Pleural Effusion/निमोनिया/TB
- 24x7 एडवांस क्रिटिकल केयर यूनिट
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. अनमोल धुडे
MBBS
MD (Respiratory Medicine),
DNB (Respiratory Medicine)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

# खय्याम, पाया और नूर... ईरान की तीन आंखों ने बढ़ाई अमेरिका की टेंशन, ऊपर से रख रहीं नजर

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बीते 15 दिनों से संघर्ष की भीषण आग सुलग रही है। बारूद की गंध और मिसाइलों के शोर के बीच यह युद्ध अब केवल जमीन और समुद्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतरिक्ष से भी लड़ा जा रहा है! इस युद्ध में जहां एक तरफ अमेरिका और इजरायल है तो वहीं ईरान के साथ लेबनान के हिजबुल्लाह का साथ है। इस संघर्ष में हजारों मिसाइलें और घातक ड्रोन अपनी शक्ति तो दिखा रहे हैं, लेकिन असली खेल पर्दे के पीछे से ईरान की तीन डिजिटल आंखें कर रही हैं, जिससे अमेरिका की टेंशन बढ़ गई है। हम बात कर रहे हैं खय्याम, पाया और नूर-3 की। ये तीनों सैटेलाइट के नाम हैं जो केवल ईरान की सुरक्षा ढाल बन रहे हैं, बल्कि अमेरिका के लिए बड़ी मुसीबत बन रहे हैं।

मिडिल ईस्ट में छिटी इस जंग में जहां जमीन पर भीषम भारूद बरस रहा है, वहीं अंतरिक्ष से निगरानी भी हो रही है। सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान की मिसाइल सटीकता के पीछे ईरान की तीनों सैटेलाइट का भी बड़ा रोल है।



## नूर-3

ईरान अमेरिका युद्ध में नूर-3 की भूमिका बहुत अहम मानी जा रही है। नूर-2 के मुकाबले लगभग 2.5 गुना ज्यादा एडवांस इमेजिंग क्वालिटी देता है। 4.8 से 6 मीटर की रिजॉल्यूशन पॉवर के साथ यह सैटेलाइट विशेष रूप से सैन्य ठिकानों और दुश्मन के मूवमेंट को ट्रैक करने के लिए बनाया गया है। इसकी सटीक निगरानी क्षमता ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य अभियानों के लिए नई चुनौतियां पेश कर दी हैं।अमेरिका को इस बात का डर है कि ईरान इन सैटेलाइट का इस्तेमाल अपनी बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक को और ज्यादा सटीक बनाने के लिए कर सकता है।

## खय्याम यानी ईरान का सबसे शक्तिशाली जासूस

ईरान इस युद्ध में बहुत ही सटीक मिसालें दाग रहा है। इसके पीछे है सटीक जानकारी, जो अंतरिक्ष से मिल रही है। ईरान के उपग्रह बेड़े में खय्याम को सबसे ताकतवर माना जाता है। साल 2022 के अगस्त महीने में रूस की सहायता से लॉन्च किए गए इस सैटेलाइट ने ईरान की इमेजिंग क्षमता को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। 650 किलोग्राम वजनी यह सैटेलाइट 1 मीटर के हाई-रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरें लेने में सक्षम है। इतनी सटीकता का मतलब है कि तेहरान अब अंतरिक्ष से जमीन पर मौजूद छोटी से छोटी चीजों को स्पष्ट देख सकता है। यह अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

## पाया उपग्रह

बीते साल के आखिरी महीने में लॉन्च हुआ पाया उपग्रह भी ईरान के लिए बहुत काम आ रहा है। यह पूरी तरह से ईरान में बना अब तक का सबसे भारी 150 किलो वाला स्वदेशी उपग्रह है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसमें इस्तेमाल की गई मिरर-बेस्ड इमेजिंग और टेलीस्कोपिक कैमरा टेक्नोलॉजी है। हालांकि इसकी मूल क्षमता 5 मीटर है, लेकिन ईरान ने इसमें एआई का इस्तेमाल कर इसकी रिजॉल्यूशन क्षमता को 3 मीटर तक बढ़ा दिया है।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स माल के पास, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस के मिलते-जुलते नामों से प्रोडक्ट बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी

जागरूक रहें, आजकल सस्ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के मद्देनज़र कुछ दुकानदार **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते-जुलते नामों से अन्य गद्दे बेच रहे हैं। इस संदर्भ में उन पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। आज की इस पब्लिक नोटिस से यह स्पष्ट माना जाए कि प्रसिद्ध ब्रांड **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** को यदि कोई भी व्यक्ति, फर्म, संस्था अथवा कम्पनी किसी भी रूप में नकल करता या बेचता है, उन सभी पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सभी उपभोक्ता एवं दुकानदार कृप्या यह ध्यान दें कि **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** रेंज के सभी प्रोडक्ट्स केवल **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के नाम से ही आते है। इसलिए मिलते-जुलते नामों से धोखा न खाएं व पूरा नाम पढ़कर ही प्रोडक्ट खरीदें। यदि आपको कोई प्रोडक्ट **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते जुलते नाम से बाजार में मिलता है तो इसकी सूचना तुरन्त हमारी **Email: info@drorthooil.com** या **Helpline No.: 8264822252** पर दें।

आपके द्वारा दी गई सूचना पर यदि कोई दुकानदार अथवा निर्माता पकड़ा जाता है तो आपको ₹ 1,00,000/- का नकद इनाम दिया जाएगा एवं आपका नाम गुप्त रखा जायेगा। जागरूक रहें- डा. ऑर्थो मैट्रेस का पक्का बिल अवश्य लें।

Dr. Ortho
ORTHOPAEDIC MATTRESS
Divisa
सम्पर्क करें
8264822252
Email: info@drorthooil.com • Website : www.drorthooil.com

## आखिरकार मिल गया समुद्र में खोया हजारों साल पुराना शहर



**बगदाद।** पुरातत्वविदों ने दक्षिणी इराक में खाड़ी के पास एक खोए हुए शहर को ढूंढ निकाला है, जिसे 'टिगरिस नदी पर स्थित अलेक्जेंड्रिया' के नाम से जाना जाता है। बताया जा रहा है कि ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में स्थापित यह शहर विशालकाय अलेक्जेंड्रिया का ही एक भाग है। कभी-कभी वैज्ञानिकों के हाथ कुछ ऐसा लग जाता है, जो उनके जीवन की सबसे बड़ा खोज में से एक बन जाता है। अब वैज्ञानिकों को कुछ ऐसा ही मिला है। दरअसल, पुरातत्वविदों का कहना है कि उन्होंने आखिरकार सिकंदर महान द्वारा स्थापित एक लंबे समय से खोए हुए शहर का पता लगा लिया है। वो शहर, जो कभी प्राचीन मेसोपोटामिया को सीधे फारस की खाड़ी के व्यापार मार्गों से जोड़ता था। 'टिगरिस नदी पर स्थित अलेक्जेंड्रिया'के नाम से जानी जाने वाली ये बस्ती दक्षिणी इराक में खाड़ी के पास स्थित बताई जा रही है और शुरुआती रिपोर्टों में इस खोज को 'बिल्कुल आश्चर्यजनक' बताया गया है।

ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में स्थापित यह शहर कई 'अलेक्जेंड्रिया'में से एक था, जिसे मैसेडोनियाई विजेता ने ग्रीस से लेकर भारत की सीमाओं तक एक महान साम्राज्य का निर्माण करते समय स्थापित किया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com